ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 11 जून 2025
वर्ष 35, अंक 135, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा 14

देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## शुभांशु इतिहास रचने को तैयार

- राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय
- आज शाम फ्लोरिडा से अंतरिक्ष स्टेशन को होंगे रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में साथी अधिकारियों प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ गगनयान मिशन के लिए भारत के अंतरिक्ष यात्री दल का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

इतिहास रचने को तैयार स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के तीन बार स्थगित किए गए प्रक्षेपण की सफलता के लिए मंगलवार को लखनऊ में विशेष प्रार्थना की गई।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

- ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे
- कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।



### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

## एक नजर

### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला-बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं।

### चैटजीपीटी में बाधा से लाखों लोग रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कं दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

# नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब
- बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## आग देखकर 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, तीन की मौत

### दिल्ली के द्वारका की घटना, एटा के कारोबारी और बेटी भी शामिल

- 8वीं मंजिल से शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें एटा के कारोबारी और उसकी बेटी भी शामिल है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10 .01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका
- मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

### वंदे भारत में फारूक अब्दुल्ला...



**जम्मू-कश्मीर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान यात्रियों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए इस ट्रेन का शुभारंभ किया। शनिवार से नियमित संचालन शुरू किया गया।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख र्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 प्रतिशत था। विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में लगभग 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है।

## राजा की हत्या के बाद इंदौर में ही थी सोनम, कई बार राज से मिली

### ट्रेन से लौटने के बाद देवासनाका क्षेत्र में किराए के रूम में रुकी थी

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम रघुवंशी ने कई चौकाने वाले खुलासे किए। राजा की हत्या के बाद वह ट्रेन से इंदौर पहुंची थी। सोनम देवासनाका क्षेत्र में किराए के रूम में रुकी और राज से मुलाकातें भी हुई।

मंगलवार को पूछताछ के दौरान सोनम और प्रेमी में तकरार हो गई। दोनों की लड़ाई में पुलिस को ऐसी जानकारी हाथ लगी जिसका उन्हें दो दिन से इंतजार था। दरअसल ईस्ट खासी हिल्स पुलिस हत्या के एक आरोपी विशाल उर्फ विक्की को मोबाइल जब्त करने के लिए उसके घर (नंदबाग) ले गई थी। मोबाइल न मिलने से बिफरे पुलिसकर्मियों ने विक्की और राज की पिटाई कर दी। राज ने रोते हुए कहा कि फोन सोनम के पास होगा। उस वक्त सोनम पटना के फुलवारी शरीफ थाने में बैठी थी। डीएसपी विपुल दास ने तत्काल अपनी टीम को वीडियो कॉल लगा दिया। डीएसपी ने सोनम से कहा कि उन्हें वो फोन चाहिए जो राज ने विक्की को दिया था। डीएसपी ने यह भी कहा, राज ने फोन गायब करने में तुम्हारा हाथ बताया। सोनम मुकुर गई और कहा कि राज झूठ बोल रहा है। डीएसपी ने वीडियो कॉल पर ही दोनों का सामना करवा दिया। सोनम भड़क गई और कहा कि वह इंदौर में मिली थी। इतना सुनते ही पुलिसकर्मी चौके और सख्ती से पूछताछ करने लगे। सोनम ने कहा राजा की हत्या के दो दिन बाद यानी 25 मई को ट्रेन से इंदौर आई थी।



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम।

### पिता बोले- दोषियों को मिले मौत की सजा


मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद राजा रघुवंशी के पिता ने बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की। पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने यूपी के गाजीपुर में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि चार आरोपियों को एमपी और उप्र के से गिरफ्तार किया गया।

### गुवाहाटी में ऑनलाइन मंगवाया था हथियार

मेघालय पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने जिस हथियार डाव (छोटी कुल्हाड़ी) से राजा को मारा, वो गुवाहाटी में ऑनलाइन मंगाया था। आरोपी शिलॉन्ग में सोनम और राजा के होम स्टे से एक किमी दूर होटल में ठहरे थे।

### आरोपी बोले- सोनम के सामने ही किया कत्ल

राजा रघुवंशी हत्याकांड के चारों आरोपियों ने इंदौर क्राइम ब्रांच के समक्ष अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राजा रघुवंशी का हत्या कर शव एक गहरी खाई में फेंक दिया था। ये पूरी वारदात सोनम के आंखों के सामने हुई। पहला वार विशाल उर्फ विक्की ठाकुर ने किया था। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, तीन आरोपी विशाल, आकाश और आनंद इंदौर से ट्रेन से निकले थे। सोनम का प्रेमी और सह-षड्यंत्रकारी राज कुशवाह इंदौर में ही रुक गया, उसने तीनों को यात्रा खर्च के लिए 40 से 50 हजार रुपये की मदद की थी।


Today
Let Lucknow Count-down together
...3 ...2 ...1 ...0 !
CMS
CITY MONTESSORI SCHOOL
Celebrate the pride of India
Gp. Capt. Shubhanshu Shukla
Alumnus of City Montessori School
India's astronaut to pilot Axiom 4 Mission to International Space Station (ISS)
All are welcome to
'VyomNite'
the watch-party of the lift-off at
CMS Kanpur Road Auditorium
today from 3.30 pm
Lift-off at 5.30 pm
From Lucknow to Space, on 11 June, 2025
#HumaraBetaShux
is carrying India's dreams to the stars!
#PrideOfCMS
Scan to know more
The launch can also be watched live on SpaceX website, NASA TV and Axiom YouTube Channel
cmseducation.org
cms.lucknow
cmseducation
citymontessorischool
CmsJaiJagat




अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है।

| 42.7° | 30.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**शहर में आज**

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल अनंत नगर योजना के भूखंडों के आवंटन की लॉटरी- 10:00 बजे।
- मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दिघारी, हुलासखेड़ा व गोविंदपुर के पंचायत भवन में जनकल्याणकारी योजनाओं का शिविर- 10:00 बजे।
- बीबीएयू के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ सभागार में कबीर जयंती समारोह में कबीर के साहित्य में प्रेम पर चर्चा- 11:00 बजे।
- बारादरी के पीछे सलेमपुर हाउस में शहर कांग्रेस कमेटी का संविधान बचाओ सम्मेलन- 12:30 बजे।
- सिटी मांटेसरी स्कूल, गोमतीनगर में संस्कार भारती अवध प्रान्त की ओर से भारतीय सेना के सम्मान में सनातन बैंड की संगीतमय प्रस्तुति हमारा देश हमारे राम का आयोजन- 6:00 बजे।
- सुन्नी इंटर कालेज के विक्टोरिया स्ट्रीट मेंसहाबा एक्शन कमेटी की ओर से दहशतगर्दी का इलाज सहाबा की गुलामी शीर्षक से जलसा-ए-आम- 8:00 बजे।

# तप रहा दिन, रातें भी गर्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में मंगलवार को तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन में जहां गर्म हवा के थपेड़े चले, वहीं रात में भी गर्मी परेशान कर रही है। मंगलवार को सबसे ज्यादा दिक्कत रेलवे और बस स्टेशनों पर यात्रियों को हुई। गर्मी से बेहाल यात्री हाथ पंखे से हवा कर गर्मी से राहत की कोशिश करते दिखे। ठंडे पानी, आइसक्रीम और शर्बत से गला तर किया।

अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक 42.7 रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक 30.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 3-4 दिन में पारा में तापमान बढ़ रहा है, इससे वॉर्म नाइट की स्थिति भी बन गई है। अगले 24 घंटों में मौसम सामान्य रहेगा। इससे हीट वेव और उमस बढ़ेगी।




मंगलवार को राजधानी में गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर हाथ पंखे से हवा कर चेहरे से पसीना पोंछती और बोतल से पानी पीकर गला तर करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# शहर का बेटा आज भरेगा अंतरिक्ष की उड़ान

## घर में हुई सत्यनारायण की कथा व सुंदरकांड पाठ, परिवार और मोहल्ले में त्योहार जैसा माहौल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के त्रिवेणी नगर निवासी शुभांशु शुक्ल तीन साथियों के साथ बुधवार शाम को अमेरिका के फ्लोरिडा से अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। यात्रा को लेकर शुभांशु ने फुलड्रेस रिहर्सल भी किया है। शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर उनके घर और मोहल्ले में खुशी का माहौल है। मंगलवार को पूजा-पाठ और सुंदरकांड का आयोजन किया गया। हर किसी को शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा पर गर्व है। पिता शंभुदयाल शुक्ल ने कहा कि खुशी का अवसर है, सारी दुनिया की नजर इस वैज्ञानिक अभियान पर है। इसके लिए शुभांशु को कई दौर के प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा है।

शुभांशु की मां आशा शुक्ला बेटे की ऐतिहासिक उड़ान को लेकर बहुत भावुक हैं। उन्होंने कहा कि जबसे पता चला कि बेटा अंतरिक्ष में जाने वाला है, खुशी और डर दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। एक तरफ मन बहुत गर्व से भर जाता है कि बेटा पूरे देश का नाम रोशन कर रहा है, लेकिन दूसरी तरफ एक मां का दिल भी है जो बार-बार घबरा जाता है। आशा ने बताया कि शुभांशु की सलामती और सफलता के लिए सोमवार को सत्यनारायण भगवान की कथा रखवाई थी। रिश्तेदार, पड़ोसी सभी आए, सबने उसका शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। बहुत लोग दुआएं दे रहे हैं। हनुमानजी की कृपा से सब अच्छा होगा।



त्रिवेणी नगर में बेटे शुभांशु की फोटो के साथ माता और पिता। अमृत विचार

### मिशन के बारे में कुछ नहीं बताते शुभांशु

शुभांशु अपने मिशन को लेकर परिवार वालों से ज्यादा चर्चा नहीं करते। पिता कहते हैं कि हो सकता है कि ऐसा वह नासा के नियमों के पालन के लिए करते हैं। शुभांशु की आध्यात्मिक आस्था पर वह बताते हैं कि वह गीता पढ़ता है और प्रशिक्षण के दौरान भी गीता पढ़ना और हनुमान जी की पूजा करना नहीं भूलता।

### क्यों होता है अंतरिक्ष मिशन

अंतरिक्ष मिशन कई कारणों से किए जाते हैं जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी विकास और पृथ्वी की जानकारी हासिल करने के लिए भी किया जाता है। इस मिशन से सौर मंडल की जानकारी, खगोलिय पिंडों की जानकारी भी मिलती है। इससे तकनीकी, संचार, स्वास्थ्य सेवाएं और उत्पादन को भी जानकारी लेकर बेहतर बनाया जाता है।

### अब तक के कुछ प्रमुख अंतरिक्ष मिशन

मंगल मिशन- मंगल ग्रह पर जीवन की खोज के लिए किया गया।

अंतरराष्ट्रीय स्टेशन- अंतरिक्ष में अनुसंधान केंद्र बनाने के लिए हुआ।

अंतरिक्ष टेलीस्कोप- ब्रम्हांड की दूर की वस्तुओं का अध्ययन करने के लिए।

पृथ्वी की निगरानी उपग्रह- पृथ्वी पर चलने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उपग्रहों की स्थापना।

### सीएमस में होगा लाइव टेलिकास्ट

सिटी मांटेसरी स्कूल के छात्र व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक अन्तरिक्ष उड़ान का सीधा प्रसारण आज सायं 4.45 बजे से सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित 'व्योमनाइट' के अन्तर्गत किया जायेगा। 'व्योमनाइट' का आयोजन शुभांशु की अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन की यात्रा के सम्मान में किया जा रहा है। इस अवसर पर शुभांशु के माता-पिता व अन्य परिवारजनों के साथ ही बड़ी संख्या छात्र, शिक्षक व लखनऊ प्रबुद्ध नागरिक शुभांशु की इस ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के सीधे प्रसारण को देखकर इस गौरवमयी व प्रेरणादायी पलों के साक्षी बनेंगे।

# शिया सेंट्रल बोर्ड के पूर्व मुतवल्ली पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

- आरोप कई किराएदारों से किराया वसूलने के बाद थमा दी जाली रसीदें
- बोर्ड के प्रशासक ने डीसीपी पश्चिम से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शिया सेंट्रल बोर्ड के पूर्व मुतवल्ली के खिलाफ शिया धर्मगुरू कल्बे जव्वाद ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पद से हटने के बाद भी साथी की मदद से कर्बला हजरत अब्बास में कई किराएदारों से रुपये लेकर फर्जी रसीदें थमा दीं। प्रशासक किराया लेने पहुंचे तब धोखाधड़ी की जानकारी हुई। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौक जौहरी मोहल्ला निवासी शिया धर्मगुरु सैयद कल्बे जव्वाद शिया सेंट्रल बोर्ड कर्बला हजरत अब्बास बाग के प्रशासक है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद सुरैया मंजिल निवासी सैयद सिराज अब्बास बोर्ड के मुतवल्ली के पद पर थे। जनवरी 2022 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। जिसके बाद कल्बे जव्वाद 17 फरवरी 2022 को बतौर प्रशासक नियुक्त किया गया था। आरोप है कि पद से हटने के बाद भी आरोपी सैयद सिराज अब्बास ने खुद मुतवल्ली के तौर पर पेश किया। कर्बला हजरत अब्बास में कई किराएदार रहते हैं। जिनसे वार्षिक किराया लिया जाता है। वर्ष 2022 से 2023 और 2024 से 2025 का किराया जमा नहीं हुआ।

कुछ वक्त पूर्व धर्मगुरू ने किराएदारों से किराया देने को कहा। पता चला कि पूर्व मुतवल्ली सैयद सिराज अब्बास ने साथी जिया बाकरी के साथ मिल कर किराएदारों से रुपये लिए थे। किराएदार मिर्जा शाहबाज हसन, जैन हसन, परवीन अख्तर, अतुल खन्ना, रईस सिद्दीकी, राजा, अकबर अली और रेहान अब्बास से करीब 63,500 रुपये वसूल कर किराएदारों को फर्जी रसीदें भी दी गई थी। इसके साथ ही लाखों रुपये के बिजली का बिल भी जमा नहीं किया। आरोप है कि आरोपी ने कर्बला अब्बास बाग में कब्रों की फर्जी रसीद काटकर जमीन पर नेम प्लेट लगाकर कब्जा कर लिया। यह जानकारी होने पर धर्मगुरू ने डीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर ठाकुरगंज पुलिस ने पूर्व मुतवल्ली सैयद सिराज और उसके साथी जिया बाकरी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो बिजली संविदा कर्मियों को कटियाबाजों ने पीटा

- एबीसी केबल ठीक करने पहुंचे थे, गांधीग्राम के लोगों पर मारपीट का आरोप, पीजीआई थाने में दी तहरीर

संवाददाता पीजीआई

**अमृत विचारः** पीजीआई थाना क्षेत्र के वृन्दावन योजना सेक्टर-18 में एबीसी केबल ठीक करने पहुंचे संविदा बिजली कर्मियों को कटियाबाजों ने पीट दिया। हेल्पर को काफी चोटें आई हैं। किसी तरह वहां से कर्मियों ने पुलिस व विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। अवर अभियंता की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अवर अभियंता गौरव कुमार ने बताया कि वृन्दावन सेक्टर-18 के पास गांधी ग्राम में काफी लोग अवैध झोपड़ियां व मकान बनाकर रहते हैं। ये लोग कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हैं। कटिया डालने के कारण ओवरलोड होने से रविवार को 63 केवीए ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इसके बाद विभाग ने उस गांव में कटिया लगाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। मंगलवार को एबीसी केबल जलने की वजह से सेक्टर-18 में कैलाश एनक्लेव पानी की टंकी के ग्री फेज की आपूर्ति बाधित हो गई। लाइनमैन अंकित कश्यप, हेल्पर लक्ष्मीशंकर के साथ एबीसी केबल ठीक करने पहुंचे। सीढ़ी लगाकर अंकित खंभे पर चढ़ा था, इसी बीच गांधी ग्राम के कुछ लोग पहुंच गए। कटिया न हटाने का दबाव बनाते हुए गाली गलौज करने लगे। हेल्पर लक्ष्मीशंकर ने विरोध जताया तो ग्रामीणों ने उस पर टायर से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो हमलावर गांधी ग्राम के अंदर भाग गए। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जेई की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



पीजीआई थाने में चोट दिखाता पीड़ित कर्मचारी।

# चार पार्कों में एक लाख पौधे लगाएगा एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने पार्कों को और हरा-भरा करेगा। पौधरोपण अभियान के तहत मुख्य चार पार्क चिह्नित किए हैं। जहां लोगों की सहभागिता से एक लाख पौधे रोपे जाएंगे। प्राधिकरण ने पौधरोपण की तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण को इस बार एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इस क्रम में पौधरोपण योजनाओं के पार्कों में किया जाएगा।

## डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, महिला घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी आउटर रिंग रोड स्थित पारा के खुशहालगंज मोड़ पर डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बाइक सवार गर्भवती महिला और युवक घायल हो गए। राहगीरों ने डंपर ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ईंटगांव निवासी किसान अनुपम पाठक की पत्नी अर्चना पाठक (27) तीन माह की गर्भवती है। मंगलवार सुबह अर्चना पति के दोस्त शिवम साहू के साथ आईआईएम रोड स्थित निजी अस्पताल गई थी। दोपहर में घर लौटते समय आउटर रिंग रोड के खुशहालगंज मोड़ के पास पहुंचे ही थे तभी डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। हादसे के बाद भाग रहे डंपर ड्राइवर को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर पारा के मुताबिक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, अर्चना को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## एक नजर

### कूड़े के ढेर में में मिला नवजात का शव

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज क्षेत्र के बालागंज स्थित कूड़े के ढेर में मंगलवार सुबह नवजात शिशु का शव मिला। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मंगलवार सुबह बालागंज तीन बंदर मंदिर के पास कूड़े के ढेर में नवजात शिशु का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पारिवारिक लाभ योजना के लिए एक वर्ष में करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए समय से आवेदन करना होगा। यदि किसी भी परिवार में पति की मृत्यु हो जाती है तो एकबार एकमुश्त रुपये 30 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सेवा भारती के सुधीर गुप्ता ने बताया कि पति के मृत्यु की तिथि से एक वर्ष के अंदर आवेदन करना होगा। इस योजना के लिए उपासना विश्वकर्मा और अनुराधा वर्मा ने आवेदन किया था लेकिन पारिवारिक लाभ का पैसा उनके खाते में नही आया था।

### मोहनलालगंज व काकोरी में चार प्लाटिंग ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को पुलिस बल के साथ अभियान चलाया। प्रवर्तन जोन-2 के अंतर्गत मोहनलालगंज में रायबरेली रोड पर कल्ली पूरब में सचिन सिंह व अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके अवैध कालोनी विकसित करते पाया। इसी क्षेत्र में अर्जुन यादव, प्रदीप यादव व अन्य द्वारा 10 बीघा में प्लाटिंग, इसके अलावा पुरसैनी के हरिकंशगढ़ी में गंगा सागर यादव, गुड्डू यादव, इरशाद अंसारी व अन्य द्वारा पांच बीघा में प्लाटिंग मिली। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना निर्माण करने पर तीनों निर्माण ध्वस्त कर दिए। इसी तरह प्रवर्तन जोन-3 अंतर्गत काकोरी में मोहान रोड पर ग्राम सरोसा भरोसा में मेसर्स गंगा इंटरप्राइजेज के शोभित राठौर, अनिल कुमार व अन्य द्वारा तीन बीघा में अवैध रूप से की गई प्लाटिंग ध्वस्त की गई।

# 15 को डेडलाइन, साफ नहीं हो पाए नाले-नालियां

**अमृत विचार, लखनऊः** 15 जून तक नाले और नालियों की सफाई की डेडलाइन खत्म होने में मात्र पांच दिन शेष हैं। नालियों की सफाई में नगर निगम जमकर लापरवाही कर रहा है।

कई इलाकों में नालियों की सफाई तक शुरू नहीं हो पाई है। नालियां गंदगी और सिल्ट से चोक हैं। इस बार भी बारिश में जनता को जलभराव की समस्या झेलनी पड़ेगी। पार्षदों के साथ क्षेत्रीय निवासी उनके क्षेत्र में नालों और नालियों की सफाई न होने की नगर आयुक्त गौरव कुमार से शिकायत कर रहे हैं।

इसके बाद भी नालियों की सफाई नहीं हो रही है। आशियाना निवासी अनिल कुमार और सआदतगंज निवासी मो. वसीम का कहना है कि नालियां चोक हैं। सफाई नहीं की जा रही है। जलनिकासी न हो पाने से बारिश का गंदा पानी घरों तक पहुंच जाता है। नालियों की सफाई में लापरवाही की शिकायतें मिल रही हैं।

# खुद के नाम की पर्ची खुली तो छलक आए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना के भूखंडों की लॉटरी में पहले दिन 43 भूखंड आवंटित किए गए। आवेदकों ने अपने हाथ से ड्रा निकाला और खुद के नाम की पर्ची खुलता देख किसी का चेहरा खिल उठा तो किसी की आंखों में आंसू छलक आए। पहले भूखंड की पर्ची शशिकांत भटनागर के नाम खुली।

एलडीए ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में अनंत नगर योजना के सेक्टर-6 आदर्श खंड में 334 भूखंड आवंटित करने के लिए लॉटरी कराई। प्रक्रिया के दौरान उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा व अपर सचिव सीपी त्रिपाठी उपस्थित रहे। पहले दिन सामान्य श्रेणी के आवेदकों के बीच 112.5 वर्गमीटर के 43 भूखंड लॉटरी से आवंटित किए गए। सर्वप्रथम दिव्यांग श्रेणी के दो भूखडों का लॉटरी ड्रा निकाला गया। इसमें शशिकांत भटनागर योजना के पहले आवंटी बने। इसके बाद सीनियर सिटिजन श्रेणी में चार भूखंडों की लॉटरी की गई। शेष 37 भूखंडों की लॉटरी 3,783 आवेदकों के मध्य कराई गई। इस प्रक्रिया में गोरखपुर निवासी विनोद राय के नाम की पर्ची खुली तो वह खुशी से भावुक हो गयीं। इसी तरह सभागार में उपस्थित बालकृष्ण सिंह ने बताया कि उन्होंने पहली बार प्राधिकरण में भूखंड के लिए आवेदन किया था और लॉटरी में उनका नाम आ गया। अपर सचिव ने बताया कि लॉटरी का आयोजन चार दिन तक चलेगा। 11 जून को 112.5 वर्गमीटर के 78 भूखंड की लॉटरी आरक्षित वर्ग में होगी। वहीं, 12 जून को 162 वर्गमीटर व 13 जून को 200, 288 एवं 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंडों की लॉटरी कराएंगे। कुल 334 भूखंडों के सापेक्ष 13,031 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराया था।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में अनंत नगर के भूखंड की पर्ची निकालते आवेदक। अमृत विचार

- एलडीए ने पहले दिन लॉटरी से आवंटित किए 43 भूखंड, शशिकांत बने अनंत नगर के पहले आवंटी

अभियान | उत्तर प्रदेश पुलिस के जागरुक करने वाले ट्वीट को सवा लाख लोगों ने देखा

# हेलमेट जागरूकता पोस्ट को मिले 1100 लाइक, 650 रिट्वीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस के हेलमेट लगाने के लिए पोस्ट की गई जागरूकता संबंधी ट्वीट को आम जनता की सराहना मिल रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। इसी के तहत सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के एक्स (ट्विटर) अकाउंट से हेलमेट लगाने के लिए जागरूकता पोस्ट अपलोड की गई थी।

जागरूकता पोस्ट को क्रिएटिव बनाने के लिए हाउसफुल-5 में दिखाए गए दो क्लाइमैक्स के विकल्प को पोस्ट किया गया। इसमें दो फोटो लगाकर उनको दो विकल्प दिखाए गए। एक विकल्प में युवक को हेलमेट लगाए हुए दिखाया गया है। जिसे विकल्प 5 ए के रूप में दिखाया गया। दूसरे विकल्प 5बी में बिना हेलमेट वाले युवक को चोटिल हालत में सिर में पट्टी बांधे हुए दिखाया गया है। जागरुक करते हुए यह टेक्स्ट लिखा गया है कि 'बुक योर क्लामैक्स वाइज्ली'। इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर आम लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। 24 घंटे के अंदर ही उक्त पोस्ट को लगभग 01 लाख 22 हजार से अधिक लोगों द्वारा देखा जा चुका है एवं 1100 से ज्यादा लोगों द्वारा लाइक एवं लगभग 650 रिट्वीट प्राप्त हो चुके हैं।




पुलिस के एक्स हैंडल पर पोस्ट चित्र।

### अभिनेता रितेश देशमुख ने ट्वीट किया कोट

यूपी पुलिस के इस जागरूकता पोस्ट को फिल्म अभिनेता रितेश देशमुख ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट से कोट ट्वीट करके लिखा कि, "Be Responsible - Make the right choice. @Uppolice #RaodSafety #Helmet"। पूर्व में भी फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, मनोज बाजपेयी, दिशा पाटनी, इमरान हाशमी, अली फजल आदि के द्वारा भी उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया पोस्ट को लाइक एवं रिट्वीट करते हुए उस पर कोट ट्वीट किया जा चुका है।



## एक नजर

### शक्ति भवन में 14 जून को होगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में त्रैमासिक पेंशन अदालत 14 जून को होगी। पेंशन अदालत में पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। मार्च, जून, सितंबर व दिसम्बर में आयोजित होने वाली पेंशन अदालतें सभी वितरण निगमों में भी आयोजित होगी।

### 16 परिवीक्षाधीन अधिकारियों से मिले डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में वर्ष 2022 बैच के 16 परिवीक्षाधीन अधिकारियों से मुलाकात की। ये अधिकारी भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा/यातायात में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने अधिकारियों को यूपी पुलिस की कार्य प्रणाली, नये प्रयोग व बेहतर तकनीकी के संबंध में जानकारी दी। इन अधिकारियों को 13 जून को अपने क्षेत्रीय पदस्थापना पर भेजा जाएगा। इस दौरान भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान के अधिकारी स्वदेश कुमार सिंह, शिशिर सोमवंशी और अंबर प्रताप सिंह मौजूद थे।

### लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों का बढ़ेगा पेट्रोल खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने प्रदेश के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को बढ़ा हुआ पेट्रोल खर्च देने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग के इन अधिकारियों की यह सालों पुरानी मांग है जिसे अब पूरा करने का ड्राॅफ्ट तैयार है। इन कर्मचारियों को वाहन भत्ता बढ़ाकर देने की तैयारी हो गई है। दरअसल, राजस्व परिषद की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है और शीघ्र ही इस पर शासनादेश जारी किया जाना संभव है। वहीं, नायब तहसीलदारों के भी ग्रेड पे को बढ़ाने की तैयारी है। फिलहाल उनका ग्रेड पे 4,200 रुपये है जिसे बढ़ाकर 4,800 रुपये किया जाएगा। राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत लेखपालों को 1,500 रुपये और राजस्व निरीक्षकों को 2,000 रुपये प्रतिमाह वाहन भत्ता दिया जाएगा।

### 100 करोड़ की जमीन मूल खाते में स्थानांतरित करने का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ में अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर कोर्ट की ओर से लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य के 11.887 एकड़ जमीन को उनके मूल खाते में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए गए हैं। खातेदारों ने कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से अपना नाम दर्ज करा लिया था। कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। शासन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार भूमि स्थानीय निकाय नगर पालिका परिषद व ग्राम सभा की हैं। ग्राम जहांगीराबाद में ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में कुल 5.44 एकड़ की जमीन से संबंधित खातेदारों का नाम खारिज कर ग्राम सभा के खाते में हस्तांतरित की गई है।

### वाराणसी और नोएडा में बनेगा नया ईएसआई मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने मेरठ, शाहजहांपुर, बरेली, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के श्रमिक वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसलिए योगी सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

# पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, शासन की नीति स्पष्ट और पारदर्शी जनता के प्रति जवाबदेह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के काम गिनाते हुए कहा कि मोदी के पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला है। शासन की नीति अब स्पष्टता, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया बना गवर्नेंस का नया मॉडल बना है।

योगी ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

योगी ने कहा कि जो 11 संकल्प मोदी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किए हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं।

भ्रष्टाचार मुक्त शासन, टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से जो कार्य पिछले 11 वर्ष के अंदर देखने को मिले हैं स्वतंत्र भारत के 65 वर्षों में इस प्रकार का मॉडल कभी भी देखने को नहीं मिला था। कानून का सम्मान, वंशवाद की राजनीति का अंत, इतिहास की उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देना है जिनके कारण देश गुलाम हुआ था।

भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर केंद्र सरकार ककी 11 वर्षों में चलाई गई योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और अभियान के संयोजक मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे।



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 2027 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने लगभग 200 वर्षों तक यहां शासन किया था। हाल ही में जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत दुनिया का पहला देश जहां प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 79 हजार से तीन गुना बढ़कर अब लगभग ढाई लाख हो गई है। 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### पहली बार गरीब बना योजना का हिस्सा

योगी ने कहा मोदी सरकार में पहली बार गरीब और किसान सरकार के एजेंडे और शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल की योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसकी परिणिति यह है कि पिछले 10 वर्ष के अंदर 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

# 2000 करोड़ से 28830 चौराहों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकनिर्माण विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, प्रदेश में 1435 ब्लैक स्पॉट्स सुधाए गए

**अमृत विचार:** योगी सरकार दो हजार करोड़ रुपये खर्च कर 28830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग ने खाका तैयार किया है। इसमें वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों का भी दावा किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गो को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है। इससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा। राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों। जिससे पैदलव साइकिल से चलने वालों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

### राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई का होगा निर्माण

50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887.88 किमी की लंबाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

# निकांत जैन का एक और फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सस्ती जमीन गिरवी रख एसएसजे एग्रोटेक के नाम पर कराया चार करोड़ का लोन
- इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने निकांत और उसके भाई समेत तीन पर दर्ज कराया केस

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने हजरतगंज थाने में निकांत और उसके भाई सुकांत जैन व परिवार की महिला वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कम कीमत की जमीन को महंगा बताकर गिरवी रखा और चार करोड़ रुपये का लोन लिया, लेकिन चुकाया नहीं। जांच में यह खुलासा हुआ तो बैंक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक आशीष जिंदल के मुताबिक गोमतीनगर निवासी निकांत जैन, उसके बड़े भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन ने अपनी रजिस्टर्ड कंपनी एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के नाम चार करोड़ का लोन 2017 में लिया। इसके बदले में सरोसा-भरोसा गांव की 760 वर्गमीटर और बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित लालपुर राजपुर गांव में 1850 वर्गमीटर भूखंड गिरवी रखे।

27 मार्च 2018 को नई कंपनी बनाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से एक नई संपत्ति उन्नाव के हसनगंज स्थित बजेहरा की 2800 वर्गमीटर जमीन को गिरवी रखते हुए एक जमीन को मुक्त करने का आवेदन दिया।

बैंक ने 29 मार्च 2018 को कंपनी के आवेदन पत्र स्वीकृत किया। इसके बाद सरोसा-भरोसा की संपत्ति के स्थान पर उन्नाव के बजेहरा गांव की जमीन को गिरवी रख लिया।

### खाता एनपीए हुआ, जब्त की गई संपत्ति

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक संपत्ति के प्रतिस्थापना के बाद लोन की किस्तें जमा नहीं की जा रही थी। 30 सितंबर 2018 को खाता एनपीए हो गया। इसके बाद बैंक ने गिरवी रखी गई संपत्तियों को जब्त कर उसे बेचने कर ऋण वसूली की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पता चला कि जिन संपत्तियों को गिरवी रखा गया है। उनकी कीमत वास्तविक रूप से काफी कम है। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि जमीन की कीमत काफी बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया था। खाते को फ्राड घोषित किया गया। वैल्यूवर्स के खिलाफ बैंक ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पैनल सूची से हटा दिया।

### जेल में बंद है निकांत जैन

निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश का करीबी निकांत जैन 20 मार्च से जेल में बंद है। उसके खिलाफ सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनी से रिश्वत लेने व भ्रष्टाचार में शामिल होने की रिपोर्ट गोमतीनगर थाने में दर्ज की गई है। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। वहीं, निकांत को इस मामले में करीब 65 दिन बाद जमानत मिली। अभी उसके रिहाई की तैयारी चल रही थी। इसी बीच 25 मई को वजीरगंज थाने में फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज हुई। जिसके कारण वह जेल में ही बंद है।

### सीबीआई में मामला दर्ज कराने का हुआ था प्रयास

मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने और वैल्यूवर्स को हटाने के बाद बैंक ने इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन आरबीआई द्वारा 15 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था। उसे जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय दिया जाएगा। आदेश के पालन के लिए बैंक ने पुन: कंपनी व निदेशकों को कारण बताओ नोटिस 21 अक्टूबर 2024 को जारी किया। इसका कंपनी की तरफ से संतोषजनक उत्तर नहीं मिला इसके बाद 14 मई 2025 को बैंक ने आर्थिक अपराध शाखा लखनऊ में एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आवेदन किया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल की तहरीर पर एसएसजे एग्रोटेक के निदेशक निकांत जैन, सुकांत जैन व वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली की अधिकतम मांग का बना रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पिछले वर्ष का रिकार्ड टूटा, अधिकतम मांग 31,104 मेगावाट दर्ज
- अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में हो रही ज्यादा बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार:** प्रदेश में इस साल बिजली की अधिकतम मांग ने नया रिकार्ड बनाया। पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए अधिकतम मांग 31,104 मेगावाट दर्ज की गई। अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में ज्यादा मांग दर्ज हो रही है। साथ ही, आगे मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार हैं। इस बीच, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में अगर मांग और बढ़ेगी उसे सकुशल पूरा किया जाएगा।

पिछले वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट तक पहुंची थी। प्रदेश में 6 जून को 28,581 मेगावाट, 7 जून को 29,502 मेगावाट व 8 जून को 30,161 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग दर्ज की गई। 9 जून को गुजरात में 25,230 मेगावाट, महाराष्ट्र में 25, 191 मेगावॉट, तमिलनाडु में 17,867 मेगावाट, राजस्थान में 16,562 मेगावॉट, पंजाब में 15,508 मेगावॉट बिजली की सर्वाधिक आपूर्ति की गई। ऊर्जा मंत्री ने सभी बिजली कर्मियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी, साथ ही, प्रदेश के लोगों से बिजली के संयमपूर्ण उपयोग कर सहयोग करने के अपील की।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए लगातार बिजली उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। बीते तीन वर्षों से ट्रांसमिशन क्षमता, विद्युत उपकेंद्रों व ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई है। जर्जर लाइनों व विद्युत पोल को बदला गया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। इसमें किसी भी प्रकार की बिजली कटौती स्वीकार नहीं होगी।

### कर्मियों ने बनाया कीर्तिमान, बंद की जाए निजीकरण प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ : निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि रिकार्ड बिजली आपूर्ति का कीर्तिमान बिजली कर्मियों की मेहनत व लगन से पूरा हो सका। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हस्तक्षेप करते हुए निजीकरण प्रक्रिया निरस्त कराएं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण के विरोध में 195 दिन से लगातार आंदोलनरत बिजली कर्मियों ने आंदोलन के साथ सुधार के संकल्प को व्यक्त करते हुए 31,104 मेगावाट की बिजली आपूर्ति कर नया कीर्तिमान बनाया है। पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में संघर्ष कर रहे हैं, पर उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत नहीं होने दे रहे हैं। संघर्ष समिति ने गर्मी में बिजली की लगातार बढ़ रही मांग को देखते हुए बिजली कर्मियों का आह्वान किया था कि उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। इस बीच, वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# ईमानदारी से दायित्व निभाए निर्वाचन आयोग


## सपा प्रमुख ने पार्टी नेताओं से कहा, 2027 के चुनाव में कोई कमी न रहने देना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कमी न रहने देने की अपील की है। इस क्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष चुनाव कराने की होती है। निर्वाचन आयोग को ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अपराध चरम पर है। अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे है। दिन दहाड़े हत्यायें हो रही है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हम पीडीए को न्याय और सामाजिक न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। पीडीए की एकता से भाजपा घबराई हुई है। पीडीए की लड़ाई को मजबूत करके और ताकत देना है। इस मौके पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सांसद नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक शाहिर मंजूर समेत बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव को अहिल्याबाई का चित्र भेंट करते कार्यकर्ता।

### महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस मनाया

**लखनऊ :** सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस मनाया गया। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महाराजा सुहेल देव की वीरता को नमन किया। यहां अखिलेश यादव ने कहा कि हम भविष्य में उत्तर प्रदेश की सरकार की तरफ़ से लखनऊ के गोमती रिवरफ्रंट पर उनकी विशालकाय स्वर्णिम आभा प्रतिमा का निर्माण करवाएंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी महाराजा सुहेल देव को नमन किया।

# जातिगत जनगणना पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव देंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव देगा। मंगलवार को इंदिराभवन में पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े आरक्षण, जातियों के सम्मिलन-निष्कासन और सामाजिक उत्थान व विकास से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। लोनिया जाति से संबंधित एक प्रत्यावेदन पर चर्चा करते हुए सदस्य घनश्याम चौहान ने कहा कि प्रत्यावेदनकर्ताओं को आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाय। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रत्यावेदनकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिये।

# यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय और जिला स्तरीय कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुदृढ़ीकरण को बनीं व्यापक कार्ययोजना
- अपशिष्ट पदार्थों व मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन को बनेगी विशेष सेल

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना शासन को भेजी गई है। मंडल मुख्यालयों पर क्षेत्रीय व जिला मुख्यालयों पर कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है। इससे उद्योगों को एनओसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मॉनिटरिंग और सुधार कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद इसे लागू किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान संसाधन और कायार्लय बढ़ाने के साथ पारदर्शी व त्वरित कार्य प्रणाली बनाने की हिदायत दी थी, जिसके क्रम में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इसके अनुसार प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट (एसटीपी और सीईटीपी), खतरनाक अपशिष्ट, ई-वेस्ट, और बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए अलग-अलग विशेष सेल का गठन प्रस्तावित है। इन सेलों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा।

### यूपीपीसीबी की आवेदन शुल्क संरचना में भी होगा बदलाव

पर्यावरणीय अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए यूपीपीसीबी एक समर्पित सेल की स्थापना करेगी, जो प्रदूषण नियंत्रण की नवीन तकनीकों और समाधानों पर कार्य करेगी। साथ ही, पर्यावरणीय जन-जागरूकता और प्रकाशन के लिए भी एक नया सेल गठित होगा, जो जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वर्तमान में प्रचलित 12 श्रेणियों के स्थान पर अब केवल 7 श्रेणियों में शुल्क वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी।

### एआई बेस्ड पोर्टल से कार्य प्रणाली होगी सरल व पारदर्शी

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्य प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक आधुनिक पोर्टल विकसित करने का भी प्रस्ताव है। जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का समावेश होगा। इस पोर्टल के जरिए औद्योगिक इकाइयां स्वयं अपनी अनुपालन आख्या अपलोड कर सकेंगी। इसके अलावा, सहमति नवीनीकरण और अनुपालन आख्या समय पर जमा करने के लिए उद्योगों को ई-एलर्ट भेजे जाएंगे। निरीक्षण के बाद आख्या को तत्काल अपलोड करने और एआई के माध्यम से स्वयं अनुपालन आख्या की जांच करने की सुविधा भी इस पोर्टल में शामिल होगी।

विकास

## उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की कॉन्क्लेव की शुरुआत

# यूपी अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीसीसी हब के रूप में उभर रहे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, टियर-दो व टियर-तीन शहर भी पकड़ रहे गति

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में शामिल है। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों और सहायक कारोबारी माहौल के कारण ऐसा है।

बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना है, जो विकास को विकेंद्रित कर क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देगी। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं, जबकि टियर-दो और टियर-तीन शहर भी गति पकड़ रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे एक बड़े भूमि बैंक का समर्थन प्राप्त है। राज्य की प्रगति से से जुड़े इन्हीं बिन्दुओं के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी द्वारा ताज होटल, लखनऊ में आयोजित एक कॉन्क्लेव की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हुए इस आयोजन में शीर्ष प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता (लीडर्स), वैश्विक निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय निगम शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के जीसीसी पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा की।

कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के गतिशील आर्थिक परिवर्तन को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में रेखांकित किया। मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और अत्यधिक सक्रिय शासन को श्रेय दिया।

इस दौरान प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने कहा कि ''विकसित भारत'' बिना ''विकसित राज्य'' के संभव नहीं है।

उन्होंने यूपी के व्यापक बुनियादी ढांचे, कारोबार की सुगमता और कुशल कार्यबल को रेखांकित किया, जो जीसीसी निवेश के लिए पूर्ण सरकारी समर्थन सुनिश्चित करता है। प्रमुख सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने यूपी की प्रगतिशील नीतियों और विस्तारित डिजिटल बुनियादी ढांचे पर जोर दिया, जिससे आईटी, आईटीईएस और बीपीएम में व्यापक निवेश के अवसर सामने आए।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने मजबूत बुनियादी ढांचे को जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी और उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार ने निवेशकों को लखनऊ एक्सप्लोर के लिए आमंत्रित किया, जहां वाणिज्यिक स्थान परिवर्तन और आईटी सिटी विस्तार की प्रवृत्ति बढ़ रही है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने हैदराबाद से नोएडा तक कंपनी के विस्तार की चर्चा की और मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के सहज समर्थन की सराहना की।

### बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में होंगे इसी तरह के आयोजन

कॉन्क्लेव में भविष्य के जीसीसी कॉन्क्लेव के लिए एक रोडमैप और कार्य योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में इसी तरह के आयोजन की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त, वैश्विक शहरों में निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिका और यूरोप के अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों के साथ रोडशो आयोजित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में पैनल चर्चाएं और निवेशक संवाद शामिल थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की नवाचार, कारोबारी उत्कृष्टता और जीसीसी में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### 20 कंपनियों ने भाग लिया, निवेश का बनाया मन

लगभग 20 कंपनियों ने इस आयोजन में भाग लिया, जिनमें एसआरके गेमचेंजर्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्व-इंडिया, टेक्यॉन नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, टीसीएस, ट्राइडेंट, यूएसइनफाउंडेशन, वेलोसिस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, डेलॉइट, यूएस इंडिया, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट, अम्हेक, सेटी, वेंचर लिफ्ट, इवानी, हाई-टेक मेडिक्स, ईवी बूथ, पॉजिट्रोई, केएनपी, बायोजेंटा, जेबीजेएम ग्रुप और जेनरोबोटिक्स शामिल थे। इस आयोजन में प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को नेहा जैन, संबंधित विभागों व इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारीगण, असोचम, क्रेडाई, एचसीएल के प्रतिनिधि तथा प्रमुख गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

# पवन पुत्र को चोला चढ़ाया, लगाया 91 किलो लड्डुओं का भोग

## जेष्ठ के अंतिम मंगलवार को प्रमुख हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, दर्शन-पूजन के बाद भंडारों में चखा प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को राजधानी के हनुमान मंदिरों को फूलों और रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया। हनुमान जी की मूर्तियों का भी भव्य श्रृंगार किया गया। प्रातःकाल से ही मंदिरों में दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें नजर लग गईं। लालपुल के समीप पाताल पुरी हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया और लेटे हनुमान जी को रेडियो सिटी 91.1 की ओर से हनुमान जी को 91.1 किलोग्राम का विशाल लड्डुओं का भोग लगाया गया। हनुमान सेतु, अलीगंज हनुमान मन्दिर और हनुमंत धाम पर सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ी। भीड़ के मद्देनजर इन मंदिरों के आसपास बैरिकेडिंग लगाई गई थी। शाम को विशेष आरती की गई। दर्शन और पूजन के बाद भक्तों ने जगह-लगह लगे भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। कहीं इमरती और राबड़ी तो कहीं वेज पुलाव, गुलाब जामुन, बूंदी तो कहीं दही बढ़े का आनंद लिया। तरह-तरह के शर्बत पीने के साथ छोला भटूरा, और पूड़ी सब्जी भी थी, मटर पनीर की व्यवस्था थी। सुबह से देर शाम तक भंडारे चलते रहे।

लेटे हुए हनुमान मंदिर में मंत्री औद्योगिक विकास धर्मवीर प्रजापति, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड विशेष रूप से मौजूद रहे। भंडारे में हनुमान जी को छप्पन मेल का मीठा, छोला चावल, कढ़ी चावल, राजमा चावल, पकौड़ा एवं तहरी का भोग लगाकर पूरे दिन प्रसाद वितरित किया गया। अमीनाबाद के गड़बड़झाला बाजार में प्रियंक गुप्ता ने 12 तरह के शर्बत का वितरण किया। निरालानगर स्थित नायरा क्लीनिक के बाहर आयोजित भंडारे में अवध प्रांत प्रचारक कौशल, रोहित, सचिन गुप्ता ने पूड़ी, सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया।




लालपुल के स्थित पातालपुरी मंदिर में हनुमान को चोला चढ़ाते भक्त और लेटे हनुमान जी 91.1 किलो लड्डुओं का भोग लगाते भक्त। अमृत विचार

## पांच समाजसेवियों को सनातन शिरोमणि सम्मान से नवाजा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सनातन महासभा ने गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में सनातन महासमागम और गोमती की महाआरती का आयोजन किया।मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 7 मंचों से स्वामी आनंद नारायण, महंत बीना गिरि, स्वामी हरेन्द्र गिरि के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों ने योग प्रदर्शन व प्रतियोगिता में भाग लिया। आमजन के लिए निशुल्क दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन, विधिक परामर्श शिविर एवं स्वैच्छिक दहेज मुक्त विवाह रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। वरिष्ठ समाजसेवियो में प्रतिभा बालियान, अरुणा त्रिवेदी सहित पांच लोगों को सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान और गजेंद्र सिंह की स्मृति में विशेष समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरु, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरि, रमेश चन्द्र बेरी, आशा सिंह, रामकिशोर शुक्ल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, पूनम शर्मा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, सुनीता गोस्वामी, रेनू शर्मा, पूनम तिवारी, आरती पांडेय, विश्वनाथ शुक्ल, अतुल तिवारी और राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



लालपुर के समीप स्थित पातालपुरी मंदिर में माला बनातीं महिलाएं। अमृत विचार



संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते भक्त।

### बयार फाउंडेशन ने विश्व शांति के लिए किया सुंदरकांड का पाठ

बयार फाउंडेशन की ओर से ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल और पूर्णिमा के अवसर पर गोमती नगर विस्तार के सेक्टर एक स्थित गायत्री शक्तिपीठ पुरम में विश्व शान्ति और भारत की उन्नति के लिए सुंदरकांड का पाठ किया। अनुष्ठान में कुसुम मिश्रा, अरविंद नारायण, लक्ष्मी नारायण, अनुपमा मिश्रा, श्रुति मिश्रा, ध्रुव नारायण, प्रवीन पाठक सहित कई विशिष्टजन उपस्थित रहे। पूजन अनुष्ठान के बाद पूड़ी-सब्जी, बूंदी-शर्बत का भंडारा आयोजित किया गया।

## सार-संक्षेप



भंडारे में प्रसाद वितरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व नीरज सिंह।

### प्रेस क्लब में मंत्रियों और अधिकारियों ने चखा प्रसाद

**अमृत विचार,लखनऊ:** यूपी प्रेस क्लब में बजरंगबली और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के पूजन के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने भंडारा शुरू कराया। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, दानिश आजाद अंसारी, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संजय प्रसाद मौजूद रहे।



अपने आवास पर आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल।

### सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया प्रसाद वितरण



पूजन करते सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी और अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री एवं नाका परिक्षेत्र के अध्यक्ष पवन मनोचा ने नाका में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, लखनऊ व्यापार मंडल के चैयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश तेजवानी, इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरजीत छाबड़ा, कपिल अरोड़ा, युवा महामंत्री सुमित गुप्ता, गणेश अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, असित अग्रवाल, कुलबीर सिंह, कुश अरोड़ा एवं रूबल सिंह ने भंडारे में सेवा का सौभाग्य प्राप्त किया।

### डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने कराया भंडारा



प्रसाद वितरित करते विराज सागर और अन्य लोग। अमृत विचार

विक्रमादित्य मार्ग पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने भंडारे का आयोजन किया। यहां डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन और यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास, देवांशी दास, सोनाक्षी दास और आरके अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।विराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ मन को उन्होंने कहा कि भंडारे के आयोजन का उद्देश्य ईश्वर एवं धर्म के प्रति आस्था व विश्वास और आम जनमानस के बीच अपनत्व की भावना को और अधिक मजबूत बनाना है।

### रॉयल कैफे समूह ने परोसे देसी घी के व्यंजन



भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार,लखनऊ:** रॉयल कैफे समूह ने अपने सहारागंज स्थित परिसर के बाहर प्रसाद वितरण किया। भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने लोगों को प्रसाद बांटा। इस अवसर पर रॉयल कैफे ग्रुप के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा और एमडी संदीप आहूजा ने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौके पर राह चलते लोगों को ठंडा शरबत और देसी घी से बने व्यंजन वेज पुलाव, छोले, बूंदी आदि का प्रसाद वितरित किया गया।



चिनहट क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल के के अवसर पर संत कुटी पलटू दास आश्रम प्रांगण में महंत एवं ट्रस्ट की अध्यक्ष खुशबू दिनेशानंद की अगुवाई में सोमवार को अखंड श्री रामचरितमानस पाठ तत्पश्चात मंगलवार को हवन पूजन एवं पौधारोपण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।



सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में व्यापारी जसकरण ' 'डब्बू' ' ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बूंदी, केला, पूड़ी सब्जी और कोल्डड्रिंक का वितरण हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। अमृत विचार

### आध्यात्मिक चेतना समागम में हुआ विभूतियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आध्यात्मिक चेतना समागम में सुन्दरकाण्ड पाठ भजन संध्या के बाद समाज को अभिप्रेरित एवं विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के लिए अपना योगदान दे रहे लोकप्रिय एवं महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। भंडारे की शुरुआत ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने की। इस अवसर पर चीफ ट्रस्टी, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र एवं लोकप्रिय वरिष्ठ समाज सेवक राजीव मिश्र ने कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के वंचितों एवं जरूरतमंदो की सेवा के लिए सदैव संकल्पित है। प्रसाद वितरण के अलावा भक्तजनों के लिए भजन संध्या, भक्तिमय झांकियां, संगीतमय प्रस्तुतियां, लोकप्रिय एवं महानविभूतियों का सम्मान एवं भक्तिमय नृत्य का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ददन मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी, भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार, बृजेश रावत, योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, प्रभात वर्मा, शशांक द्विवेदी प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, वरिष्ठ नेता रमेश तूफानी, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश रंगनाथ पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी विजय बहादुर पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, मुकेश शर्मा, संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### कल्याणगिरि मंदिर के पास हुआ भंडारा

**अमृत विचार,लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव व व्यापारी नेता रामबाबू रस्तोगी ने ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मन्दिर के पास भंडारे का आयोजन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद का वितरण शुरू किया। पूजा अर्चना में जगदीप चौधरी, राजेश यादव, राजबाला रावत, अनिल वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, सतेन्द्र राजपूत, नरेंद्र सिंह, मयंक सिंह, विजय वर्मा, संजय द्विवेदी, अश्विनी मिश्रा, उमेश बाजपेई, अजय वर्मा, मुदित मिश्रा, सालिम हुसैन आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।



आध्यात्मिक चेतना समागम में पूजन करते आयोजक। अमृत विचार

### लिम्ब सेंटर के निकट भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आखिरी बड़े मंगल पर केजीएमयू लिम्ब सेंटर के निकट भंडारे का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने प्रभु हनुमान जी की पूजा अर्चना की। भगवान के भजनों की रसधार बही। उसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। ऑर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के विभाग अधध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, पवन गर्ग, अखिलेश, अमित सिंह, मनोज, सीमा ने प्रसाद वितरण किया।

### उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रसाद वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मंत्री नितिन अग्रवाल और प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता के यहां आयोजित भंडारे में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ शामिल हुए। पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, विनायक पांडे, गौतम कुमार, रवि शंकर चौरसिया, शिशिर बाजपेई, लाल बहादुर शास्त्री, अनीता तिवारी, मदन कुमार, कुलबीर चौधरी, डैनिश सोनकर, राजीव मिश्रा और आलमबाग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न भंडारों में भी सम्मिलित हुए और प्रसाद वितरण किया।



परिवर्तन चौक पर संतराम गुप्ता के प्रसिद्ध ठंडे दही बड़े का भंडारा किया गया। हनुमान भक्तों को प्रसाद के रूप में दही बड़े वितरित कि किए गए। पूजन के बाद संतराम गुप्ता व ईशु गुप्ता ने प्रसाद वितरण शुरू कराया। अमृत विचार



क्लासिक राधे स्वीट्स ग्रुप ऑफ कंपनीज" के चेयरमैन एवं विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं के संरक्षक समाजसेवी वेद प्रकाश गुप्ता ने माउंट कार्मल स्कूल महानगर के सामने स्थित "कन्हैया कुटीर" बैंक्वेट हाल के प्रांगण में सुंदर कांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया। ।

### महिलाओं ने पूजा कर बूंदी, छोले और शरबत बांटा

आलमबाग में कृष्णा नगर इलाके के मानस नगर में रहने वाली महिलाओं ने जेष्ठ के आखिरी बड़े मंगल पर हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद के रूप में बूंदी छोले व शरबत वितरण किया। इस अवसर पर कालोनी की महिलाएं पूनम वर्मा,बीना अवस्थी,,नीलम यादव, कामिनी, काजल, अंकिता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।



भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### शक्ति भवन में भी हुआ भंडारा

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की। इस अवसर पर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार व उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रूपेश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की व्यवस्था मुख्यालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व ट्रांसपोर्ट विंग की ओर से की गई।



शक्ति भवन में प्रसाद वितरित करते डॉ आशीष कुमार गोयल।

### भंडारे में बांटी इमरती, रबड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमती तट स्थित श्याम मन्दिर में पहले बड़े मंगल को शुरू हुआ भंडारा एक माह तक लगातार जारी रहा। भंडारे के अंतिम दिन श्याम परिवार ने 12 घंटे का भंडारा किया। इसमें पूड़ी-आलू, मटर-पनीर, गुलाब जामुन व शिकंजी का वितरण किया। शाम के समय सुधीर एवं सुधीश गर्ग ने 25 हजार इमरती व राबड़ी का प्रसाद वितरण शुरू किया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस साल ज्येष्ठ माह में पूरे महीने श्याम कृपा भोग भंडारा जारी रहा।



आलमबाग व्यापारियों ने सुन्दरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया। बालाजी पंसारी ने भंडारे में छोला-चावल, मटर-पनीर, आलू पूड़ी, मट्ठा, मैक्रोनी और शरबत का वितरण कराया। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा सहित बालाजी पंसारी व्यापारी सोनू बनिया, नीरज, दीपक लाटी, रितेश, संतोष तिवारी, राजन सोनकर और पूजन भंडार व्यापारियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सिंधी समाज ने बांटा कढ़ी और चावल

**अमृत विचार लखनऊ :** सिन्धी समाज के संत भोला राम ने सिन्धु नगर सिन्धी पंचायत ने कृष्णा नगर में भंडारा कराया। यहां बूंदी, कढ़ी चावल छोले, आलू पूड़ी के साथ ठंडी शिकंजी सहित शरबत बांटा गया। संगठन के अध्यक्ष अशोक चांदवानी, महेश तलरेजा, प्रदीप राज्यपाल, लाल चंद मंजर, नीरज राजपाल, दिनेश रायचंदानी, सुशील चंदानी, रमेश तलरेजा, जगत होईआनी सहित सिंधु सभा के पदाधिकारियों ने प्रसाद वितरण किया। उत्तर प्रदेश सिन्धु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, श्याम कृष्णानी और समाज के लोग उपस्थित रहे।



सिंधी समाज द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरण करते पदाधिकारी।

### सराफा कारोबारियों ने लगाया भंडारा

**अमृत विचार :** कोनेश्वर मंदिर चौक में सराफा कारोबारियों ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें स्टेट हेड इंडियन बुलियन ज्वेलर्स अनुराग रस्तोगी और चौक अध्यक्ष उमेश पाटिल ने प्रसाद वितरण किया। श्याम रस्तोगी, सचित गुप्ता, दीपक दुबे, पवन अग्रवाल, ललित शर्मा, राजकुमार वर्मा, अजय रस्तोगी, अजय अग्रवाल, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रमोद वर्मा, नरेंद्र सोनी, शुभाष गुप्ता, अतुल रस्तोगी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



गोसाईगंज के सालौली हनुमान मंदिर पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं।

## एक नजर

### जमीन में निर्माण तोड़ा धमकाया, 12 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित डालीबाग निवासी प्रशांत मिश्रा के मुताबिक 2023 में उन्होंने सरोजनीनगर के अलीनगर सुनहरा में जमीन खरीदी थी। जमीन पर उन्होंने एक कमरा और बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया था। आरोप है कि बीते 12 फरवरी को आलोक यादव, नईम खान, शोएब खान, राम सुमिर यादव, शंभू नाथ यादव, मुकेश कुमार व चार अज्ञात लोग उनकी जमीन पर पहुंचे और गेट व बाउंड्री तोड़ दी। प्रशांत ने मामले की सूचना पुलिस को दी और वह वहां पहुंच गए। तब सभी आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने जब जांच की तो पता चला कि नईम के साथी शोएब खान के साथ मिलकर अज्ञात युवक को इंद्रसेन मित्तल बनाकर उनकी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री अवध यादव, राजरानी देवी, पार्वती यादव व भिनका देवी के नाम कर दी। आरोपी उसी जमीन कब्जा करने पहुंचे थे। मामले की शिकायत प्रशांत ने डीसीपी से की। वहां से जांच होने और डीसीपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### युवती लापता, युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में रहने वाली 19वर्षीया युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। बंथरा में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक आठ जून की सुबह उनकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिजन के मुताबिक भटगांव का रहने वाला गैर संप्रदाय का मो. अरमान उसे भगा ले गया है। पीड़ित के मोबाइल उसकी बेटी के साथ अरमान की फोटो मिली है। अरमान के घर पूछताछ करने गये तो पता चला कि वह रात से घर वापस नहीं आया है। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# नहर में उतराता मिला हाईस्कूल छात्र का शव, प्रदर्शन

## पिता ने साथ गए दोस्तों पर लगाया बेटे को मारकर नहर में फेंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दोस्तों संग खेलने गए हाईस्कूल छात्र जीत बहादुर यादव (15) का शव मंगलवार को बीबीडी स्थित खारजा नहर में उतराता मिला। परिवार वालों ने दोस्तों पर हत्या कर नहर में फेंक देने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद घरवालों ने गोमतीनगर स्थित शंकर चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। नाराज परिजन ने दोस्तों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर पीड़ित परिवार को समझा-बुझाकर शांत कराया। जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

गोमतीनगर के ग्वारी गांव निवासी ऑटो ड्राइवर अमरनाथ यादव ने

- **सोमवार से था लापता, पिता ने गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी**

बताया कि बेटा जीत बहादुर (15) हाई स्कूल का छात्र था। परिवार में पत्नी संगीता, बेटी कशिश व बेटा आर्यन हैं। सोमवार सुबह 11 बजे जीत बहादुर साइकिल से मोहल्ले के दोस्तों के साथ मैच खेलने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक जीत घर लौट कर नहीं आया तो परिजन ने खोजबीन शुरू की लेकिन जीत बहादुर का कुछ पता नहीं चला।

सोमवार रात करीब 8 बजे पिता ने गोमतीनगर थाने में बेटे जीत की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने दोस्तों से सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि 6 दोस्त नहाने के



प्रदर्शनकारियों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

लिए लोग बीबीडी इलाके में खारजा नहर में गए थे। नहाते समय उनमें से एक साथी डूबने लगा। उसको बचाने में जीत बहादुर डूब गया था। उसके बाद पांचों साथी वहां से भाग निकले थे। इस जानकारी के बाद पुलिस दोस्त की मदद से परिवार संग घटनास्थल पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से तलाश की गयी लेकिन जीत बहादुर का कुछ पता नहीं चला।

मंगलवार सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। गोताखोरों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद बीबीडी स्थित खारजा नहर में जीत का शव उतराता मिला। बहन कशिश का आरोप है कि मंगवार सुबह उन्हें भाई का शव खारजा नहर में मिलने की सूचना मिली। परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो जीत का शव रेत में धंसा था। जीतू के शरीर पर चोट के निशान था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को छोड़ दिया। जबकि जीत की हत्या कर शव फेंका गया है।

पोस्टमार्टम के बाद परिवारवाले गोमतीनगर के शंकर चौराहे के पास शव रखकर एकजुट होकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन कर रहे परिवार ने दोस्तों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ होगी।

# खाड़ी देश से मैसेज भेज कर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में पति समेत सात पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला का निकाह वर्ष 2011 में आईआईएम रोड निवासी मो. तौहीद से हुआ था। निकाह में मायकेवालों ने हैसियत के हिसाब से नकद समेत अन्य दान दहेज दिया था। पीड़िता ने बताया कि निकाह के बाद से ही पति के साथ सास, ननद और अन्य रिश्तेदार ने कई बार मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि किराए पर निशातगंज में पति संग रहने के दौरान दो बच्चों को जन्म दिया।

महिला के मुताबिक पति विदेश में काम करता है। सास और ननद के भड़काने पर तौहीद ने पत्नी को मैसेज भेज कर तीन तलाक दिया। इसके बाद पीड़िता को मायके जाने को विवश किया गया। वहीं, महिला के तीन बच्चे ससुराल में ही हैं।

पीड़िता ने मामले की शिकायत ठाकुरगंज पुलिस से की। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने पति तौहीद उर्फ मो. शानू, सास निशा खातून, ननद हसीन बानो, नंदोई अब्दुल खालिद, अब्दुल तालिब, अब्दुल समद और शगुफ्ता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, मुस्लिम महिला एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अधेड़ ने गोमती में लगाई छलांग

संवाददाता, गोसाईंगंज

- **गोताखोरों की मदद से निकालकर पहुंचाया अस्पताल, मौत**
- **गोसाईंगंज गौरियाकला पुल की घटना**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गौरियाकला पुल पर सोमवार शाम प्यारे लाल यादव (55) ने अपनी बाइक खड़ी की। इसके बाद उसने गोमती नदी में छलांग लगाकर जान दे दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से प्यारेलाल को घंटे भर में नदी से खोज निकाला। पुलिस बेहोशी की हालत में प्यारे लाल को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से अयोध्या के इनायतनगर शाहगंज निवासी प्यारेलाल यादव गोसाईंगंज के सदरपुर करोरा में रहते थे। सोमवार शाम वह मोटरसाइकिल से गौरिया कला पुल पर पहुंचे। वहां मोटरसाइकिल खड़ी की और गोमती में छलांग लगा दिया। यह देख खेतों में काम कर रहे किसानों ने शोर मचाया और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इंस्पेक्टर गोसाइगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ पहुंचे। गोताखोरों को बुलाकर नदी में उतारा। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने प्यारे लाल को नदी से खोज निकाला। पुलिस एंबुलेंस की मदद से प्यारे लाल को गोसाईंगंज सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुल पर बाइक और चप्पल मिले। डिग्गी में मोबाइल मिला था। उसे निकाल कर परिजन को सूचना दी गई। परिजन ने आत्महत्या के कारणों की जानकारी से इंकार किया है।

# मुनाफे का झांसा देकर बुजुर्ग से ऐंठे 45.51 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **साइबर ठग ने लिंक भेजकर व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा, निवेश पर दिखाया मुनाफा**
- **पीड़ित ने साइबर थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** साइबर ठग ने शेयर ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर बुजुर्ग से करीब 45.51 लाख रुपये ऐंठ लिए। आलमबाग के अमरुदही बाग निवासी 64 वर्षीय अजिर विहारी त्रिवेदी ने बताया कि कुछ दिन पहले एक व्हाट्सएप उन्हें आस्क नॉलेज एक्सप्लोरेशन एफ-19 ग्रुप में जोड़ लिया गया। इसके बाद लिंक के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग एप को डाउनलोड कराकर शेयर के बारे में जानकारी दी गयी। पीड़ित ने बताया कि ग्रुप एडमिन ने अपना नाम प्रिया शर्मा और भरत शाह बताया।

मुनाफे के जाल में फंसे अजिर ने निवेश के लिए हामी भर दी। पीड़ित ने पहले एक लाख निवेश किया। पांच दिन बाद रुपये डेबिट होने पर वे भरोसे के जाल में फंस गए। इसके बाद दिए गए खाते में कई बार में 33,51,920 रुपये 5 मई तक ट्रांसफर कर दिए। ऑस्क कंपनी की एप पर मुनाफा करीब 5.57 करोड़




दिखने लगा। अजिर ने बताया कि बेटे की तबीयत खराब होने पर उन्होंने ऑस्क कंपनी की एप पर दिए गए कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर 80 लाख रुपये निकालने की बात कही।

जिसपर उनसे उक्त रकम का 12 प्रतिशत यानी 15 लाख रुपये इनकम टैक्स की मांग की। पीड़ित ने व्यवस्था कर रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उनसे सर्विस फीस 8 लाख की मांग की। शक होने पर पीड़ित ने पड़ताल शुरू की। पीड़ित ने समिट बिल्डिंग स्थित ऑस्क इंवेस्टमेंट मैनेजर्स कंपनी में संपर्क किया तो पता चला कि साइबर ठग ने फर्जी एप बनाकर ठगी की है। 45.51 लाख की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने एफडी व इंश्योरेंस पॉलिसी तोड़वा कर व पत्नी के जेवर बेचकर निवेश किया था। इंस्पेक्टर साइबर थाना बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कैफे की आड़ में हुक्का बार, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बालागंज स्थित डी फायर कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर ठाकुरगंज पुलिस ने सोमवार देर रात छापा मारा। पुलिस को देखते ही लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया। हुक्का बार से 8 हुक्का, चिलम, पाइप और फ्लेवर तंबाकू पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार देर रात सूचना मिली कि बालागंज राइन नगर स्थित ईवा हॉस्पिटल के पास डी फायर कैफे में हुक्का बार चल रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक रवींद्र कुमार ने टीम के साथ छापेमारी



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद हुक्के। अमृत विचार

- **8 हुक्का, चिलम, पाइप और फ्लेवर तंबाकू बरामद**

की। पुलिस ने घेरकर दो लोगों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शिवांशु रावत निवासी तहसीनगंज ठाकुरगंज और दाउद निवासी सरदार नगर बालागंज ठाकुरगंज बताया। ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जालसाज ने दो महिलाओं के खाते से उड़ाए 52 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साइबर सालसाज ने दो महिलाओं के खातों से 52 हजार रुपये उड़ाए लिए। कहीं जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की मदद से ठगी की तो कहीं मोबाइल हैक कर रुपये गायब किए। साइबर ठगी के यह मामले नाका और बिजनौर के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

नाका के बशीरतगंज निवासी रितिका जायसवाल का बचत खाता एचडीएफसी बैंक में है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले साइबर जालसाज ने उनके क्रेडिट कार्ड की मदद से खाते से 39,996 रुपये पार कर दिए। रितिका ने बताया कि ठगी की सूचना उन्होंने पहले ही एचडीएफसी बैंक को दे दी है। इसके बाद भी ब्याज कट रहा है। पीड़िता ने नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं, बिजनौर के औरंगाबाद निवासी डिंपल ने बताया कि 25 मई की सुबह एक कॉल आयी। आवाज साफ न आने पर उन्होंने कॉल काट दी। इसके बाद उसी नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आयी। जिसके बाद उनका मोबाइल हैक कर जालसाज ने एसबीआई खाते से 12,499 रुपये गायब कर दिए। बैंक व साइबर सेल में शिकायत करने के बाद पीड़िता ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला इलेक्ट्रिशियन का शव

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां के बघौना गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मंगलवार सुबह जयनारायण शर्मा के बेटे रंजन शर्मा (21) का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड से शिनाख्त कर परिजन को सूचना दी।अतिरिक्त प्रभारी निगोहां अमित वर्मा के मुताबिक बिहार के सिवान स्थित गंभीरपुर का रहने वाला रंजन शर्मा गुजरात में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वह सोमवार को बिहार जाने के लिए निकला था। मंगलवार सुबह उसका शव निगोहां के बघौना गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। पुलिस ने रंजन के पास मिले मोबाइल से गांव पर सूचना दी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस बूथ के सामने मारपीट, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुद्धेश्वर चौराहे के पास बने पुलिस बूथ के सामने मंगलवार दोपहर दो युवकों के बीच मारपीट हुई। बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के पास शराब की दुकान है। मंगवार को दो युवक शराब की दुकान से बाहर निकलने के बाद मारपीट करने लगे। झगड़ा करते हुए युवक बुद्धेश्वर चौराहे के पास पहुंच गए। मारपीट के दौरान एक युवक सड़क पर गिर गया। इसके बाद भी दूसरा युवक उसे पीटता रहा। यह देखा राहगीर व स्थानीय लोग वीडियो बनाने लगे। कुछ देर बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले युवकों के नशे में होने की बात पता चली है। अभी तक किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि 32 वर्षीय युवती की कुछ साल पहले इंदिरानगर के कुर्मांचलनगर निवासी आदित्य से जान-पहचान हुई थी। आदित्य ने दोस्ती कर उसे प्यार के जाल में फंसाया। उसके बाद दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने शादी की बात कही। उसके बाद से यौन शोषण करता रहा। दोनों लोग कई दिनों से लिवइन में भी रहे। युवती ने जब आदित्य से शादी की बात कही तो वह आनाकानी करने लगा। इस बीच आदित्य ने चुपके से दूसरी युवती से सगाई कर ली। पीड़िता को जब इस बात का पता चला तो उसने गाजीपुर थाने में शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म और धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज इलाके में रहने वाली महिला से दो युवकों ने छेड़छाड़ की। गौसनगर निवासी महिला के मुताबिक रविवार रात वह घर लौट रही थी। मोहल्ले के दो लड़कों ने महिला के आते ही उसके सामने थूक दिया। पीड़िता ने युवकों को थूकने पर टोका था। जिससे आरोपित नाराज हो कर गाली देने लगे। पीड़िता के मुताबिक मारपीट करने वाले साहब और अनस है। जो मोहल्ले में ही रहते हैं। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों को आते देख आरोपित भाग गए। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से पर्स लूटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला एवरेडी चौराहे के पास ई-रिक्शे से जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स लूट लिया। पुराना टिकैतगंज निवासी राम किशोर के मुताबिक रविवार की रात वह पत्नी के साथ उन्नाव से वापस आ रहे थे। चारबाग से बाजारखाला जाने के लिए ई-रिक्शा तय किया। दम्पति एवरेडी चौराहे के पास पहुंचे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार कर राम किशोर की पत्नी से बैग छीन लिया। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर युवती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के मिर्जापुर निवासी अवधेश कुमार के घर में घुसे गांव के दबंगों ने उनकी बेटी को पीट दिया। अवधेश के मुताबिक 8 जून की रात करीब 10 बजे वह घर में खाना खा रहे थे। इसी बीच रिंकू, अनुज और शिवम घर में घुसकर बेटी मोनी से गाली गलौज करने लगे। परिजन कुछ समझ पाते आरोपियों ने उनकी बेटी पर हमला बोल दिया। बीच बचाव करने के लिए अवधेश दौड़े तो बिंदा और शुभम लाठी डंडा लेकर उन्हें भी मारने लगे। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, पीजीआई :** पुलिस ने तेलबाग नहर रोड से सोमवार रात को चोर को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो चोरी की बाइक बरामद की है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी भगवती विहार का रहने वाला विनीत सिंह उर्फ वीनू है। वीनू के खिलाफ पूर्व पीजीआई थाने में छेड़छाड़ और चोरी की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। वह जेल भेजा गया था।

### एंबुलेंस सेवा कर्मी पर सहकर्मियों ने किया हमला

**अमृत विचार, आशियाना :** सरोजनीनगर के हीरालाल नगर का रहने वाला मोहित कनौजिया आशियाना स्थित 102 ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज में कार्यरत है। उसका आरोप है कि बीते 20 मई को उसके ऑफिस में साथ काम करने वाले अभिराज यादव, आयुष यादव, आदेश यादव, अभयराज यादव से उसकी कुछ कहा सुनी हो गयी थी। कुछ देर बाद जब लंच हुआ तो मोहित जैसे ही बाहर निकला तो सभी आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लड़कों को लेकर आ गये और पिटाई की। लगातार उसके फोन पर अनजान नंबरों से जान से मारने की धमकियां मिलने लगी तो सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम के गुमानी खेड़ा में सोमवार को बहन के घर से लौट रहे युवक की बाइक पेड़ से टकरा गई। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। गोसाईंगंज के महुरा खुर्द गांव निवासी सुनील (27) सोमवार को नगराम स्थित बहन के घर से लौट रहा था। रात करीब आठ बजे वह गुमानी खेड़ा पहुंचा ही था, तभी बाइक नीम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान सुनील की मौत हो गई।

# फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के पत्रकारपुरम इलाके में सोमवार शाम को बीबीए छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय से वह अवसाद में था। परिजन ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। छानबीन के दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा था कि पापा आईएम सॉरी...।

पत्रकारपुरम निवासी चंदन मलिक रायबरेली रोड पर अन्नपूर्णा स्पोर्ट्स अकादमी चलाते हैं। साथ ही उनकी लाटूश रोड पर स्पोर्ट्स की दुकान है। बेटा वासुदेव मलिक (19) बीबीडी विश्वविद्यालय से बीबीए कर रहा था। 14 मई को वासुदेव का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद से वह डिप्रेशन में था। कुछ समय से वह घर में ज्यादा किसी से बातचीत नहीं कर रहा था। सोमवार शाम को वासुदेव घर में अकेले था। पिता चंदन काम पर गए थे। मां दीप्ति छोटे बेटे देव के साथ किसी काम से निकली थी।

शाम को मां घर आई तो मुख्य द्वार का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर बेटे वासुदेव को कई आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच पिता चंदन मलिक भी आ गए। वह कमरे में गए तो वासुदेव पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। आनन-फानन में वासुदेव को फंदे से उतारकर परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बैंक के पूर्व प्रबंधक समेत 9 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जाली दस्तावेज की मदद से पिता की मौत के बाद फर्म खाते लाखों निकालने का आरोप**
- **पीड़ित बेटे ने पुलिस आयुक्त से की थी शिकायत, दुबग्गा पुलिस ने शुरू की जांच**

**अमृत विचार:** दुबग्गा पुलिस ने यूनियन बैंक के पूर्व प्रबंधक समेत नौ लोगों के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि पिता की मौत के बाद करीब साढ़े चार साल तक फर्म के खाते से लाखों की लेनदेन हुई है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देश पर दुबग्गा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

हयात नगर स्थित सरहिंद कॉलोनी निवासी सुधांशु कुमार प्रजापति ने बताया कि वह और उनके स्व. पिता अरविंद कुमार माश्रिता इंफ्राकॉन बिजनेस फर्म चलाते थे। फर्म का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मौरा में था। सुधांशु ने बताया कि 24 अक्टूबर 2020 को पिता की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से सुधांशु ने फर्म के खाते से कोई भी लेनदेन नहीं किया। 24 फरवरी को जब उन्होंने बैंक खाते का स्टेटमेंट देखा तो पता चला कि पिता की मौत के बाद 26 अक्टूबर 2020 से 25 फरवरी 2025 तक अकाउंट से लाखों रुपये निकाल जा चुके हैं।

यही नहीं एफडी भी तोड़ कर




रकम निकाली जा चुकी थी। जानकारी करने पर सुधांशु को पता चला कि भाई ऋषभ प्रजापति, मां पुष्पा देवी, दुबग्गा की रूपाली, अभिषेक, हरदोई के सदर बाजार निवासी अनूप गुप्ता, कानपुर के रमा देवी चौराहा निवासी प्राण नाथ, उन्नाव के बांगरमऊ में रहने वाले इशांत कुमार ने रकम निकाली थी। आरोपियों ने यह काम जाली दस्तावेजों के सहारे यूनियन बैंक के पूर्व प्रबंधक के साथ मिलकर किया है। सुधांशु का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपियों से पूछताछ की तो सभी ने उन्हें बुरी तरह से पीटा। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर मामले की शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर दुबग्गा पुलिस ने ऋषभ प्रजापति, उनकी मां पुष्पा देवी, पत्नी तान्या, रूपाली प्रजापति, उनके पति अभिषेक, अनूप कुमार गुप्ता, प्राण नाथ द्विवेदी, इशांत कुमार उर्फ ऋतिक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मौरा शाखा के प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# निकांत जैन के दो गुर्गे गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **व्यापारी को धमकी दे मांगे थे 25 लाख की रंगदारी**
- **वजीरगंज थाने में 24 मई को हुई थी रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन के दो करीबी गुर्गों को वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई व्यापारी हसनरजा अब्बासी को कचहरी में रोककर जान से मारने की धमकी देने और 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में की है। इस मामले में व्यापारी ने 24 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में बारूदखाना गोलागंज का अली रजा नकवी और तेलीबाग सुभानीखेड़ा का ध्रुव कुमार दास है। तालकटोरा के हसनगंज बावली निवासी हसनरजा अब्बासी व्यापारी हैं। उन्होंने 24 मई को वजीरगंज थाने में निकांत जैन, एएम खान व अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि सरोसा भरोसा स्थित उनकी छह बिसवा जमीन लेने के लिए निकांत जैन ने 21 नवंबर 2017 को उन्हें अपने गोमतीनगर स्थित आवास पर बुलाया था। वहां बातचीत की और उसके बाद धमका कर बैनामा करा लिया। भुगतान के नाम पर फर्जी चेक दी थी। वह बाउंस हो गई। निकांत के खिलाफ वर्ष 2019 में वजीरगंज कोतवाली में इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। मार्च में निकांत से कचहरी में मुलाकात हुई थी। वहां उसके साथी भी थे। निकांत ने कहा था कि जमीन भूल जाओ। अब वापस नहीं मिलेगी। न ही रुपये मिलेंगे। उल्टा 25 लाख रुपये दो नहीं तो दो लाख रुपये की सुपारी देकर मरवा दूंगा। फिर हत्या को हादसा दिखा दूंगा। पुलिस उपायुक्त ने निकांत और उसके साथियों के खिलाफ वजीरगंज थाने में दर्ज रिपोर्ट की विवेचना शुरू हुई। विवेचना में बारुदखाना के रहने वाले अलीरजा नकवी और तेलीबाग सुभानी खेड़ा के ध्रुव कुमार दास का नाम सामने आया। साक्ष्यों का संकलन किया गया तो उसमें पता चला कि निकांत जैन के साथ ध्रुव और अलीरजा ने भी धमकाया था।

# रोहतास बिल्डर्स ने प्लॉट के नाम पर लविवि प्रोफेसर से ठगे नौ लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रोहतास बिल्डर्स ने प्लॉट का झांसा देकर लविवि के प्रोफेसर से 9.09 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने सुल्तानपुर रोड योजना में प्लॉट देने की बात कही थी। करीब 13 साल बाद भी न तो प्लॉट मिला और न ही पीड़ित को रुपये वापस हुए। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

लविवि स्थित टीचर्स फ्लैट निवासी सौरभ मिश्र ने बताया कि वर्ष 2013 में रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड का पता चला। वे एक प्लॉट खरीदने के इच्छुक थे। लिहाजा मई 2013 में सौरभ ने पत्नी ममता तिवारी के साथ हजरतगंज स्थित कार्यालय में संपर्क किया। वहां उनकी मुलाकात कंपनी निदेशकों व अन्य से हुई। पीड़ित दंपति ने 150 वर्गगज का प्लॉट बुक किया था। प्लॉट की कीमत 8.46 लाख रुपये बताई गई थी।

एग्रीमेंट के बाद 30 मार्च 2016 को कंपनी ने उनके नाम पर सुल्तानपुर रोड योजना में एक प्लॉट देने की बात कही। इसके बाद उनसे 63,500 रुपये और लिए गए। करीब 9.09 लाख देने के बाद भी दंपति को प्लॉट नहीं मिला।

### वॉटर पार्क के एमडी को पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आनन्दी वॉटर पार्क के एमडी के घर में घुसकर बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि आरोपी के साथ एक पुलिसकर्मी भी था। आरोपियों ने घर में घुसकर 27 लाख रुपये की मांग की थी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मनोहरनगर निवासी व आनन्दी वाटर पार्क के एमडी राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 27 मई को वह घर में थे। इसी बीच चार लोग उनके घर में घुसे। इनमें एक युवक ने अपना नाम विवेक भदौरिया बताया। उसके साथ पुलिसकर्मी भी था। घर में घुसते ही आरोपियों ने उन्हें बंधक बनाकर पीटा था। आरोपियों ने उन्हें धमकाते हुए पांच साल पहले उनके द्वारा 27 लाख रुपए लेने की बात कही। आरोपी रुपये लौटाने का दबाव बनाने लगा। राकेश का कहना है कि आरोपी कौन थे? वे नहीं जानते और न ही किसी से उधार लिया था? आरोपियों की करतूत घर में लगे सीसी कैमरे में कैद है।

## एक नजर

### आईटीआई प्रवेश को अब 22 तक आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटीआई में इन दिनों प्रवेश प्रक्रिया जारी है जिसकी अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई थी। लेकिन अब इसे विस्तारित करते हुए 22 जून कर दिया गया है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया की आईटीआई प्रवेश 2025 में आवेदन करने की तिथि 22 जून कर दिया गया है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी बिना अंतिम तिथि का इंतजार किए जल्दी www.sevtup.in वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी और सहायता हेतु कार्यदिवस पर संस्थान में पूछताछ कर सकते हैं या दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में न्यूनतम योग्यता कक्षा 8वीं या 10वीं का उत्तीर्ण होना आवश्यक है। संस्थान की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 0522-4047658, 919369876790, 916307236612, 918655319819 पर संपर्क कर सकते हैं।

### वेटिंग ने छुट्टियों का मजा किया खराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 100 के ऊपर तक पहुंच गया है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। ऐसे में अभिभावकों ने बच्चों संग हिल स्टेशनों की सैर की योजना बनाई, लेकिन ट्रेनों में वेटिंग के चलते उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। लखनऊ से देहरादून जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस की स्लीपर में बुधवार व गुरुवार को सीटें फुल हैं। थर्ड एसी में भी वेटिंग चल रही है। वाराणसी देहरादून एक्सप्रेस की सीटें भी शुक्रवार तक फुल हैं, वहीं वंदेभारत एक्सप्रेस में भी गुरुवार तक लंबी वेटिंग है। लखनऊ से काठगोदाम जाने वाली जंक्शन काठगोदाम एक्सप्रेस की स्लीपर में बुधवार को 146 एवं थर्ड एसी में 86 वेटिंग है। बाघ एक्सप्रेस की स्लीपर फुल है और थर्ड एसी में भी वेटिंग है।

### अस्पताल में ताला लगाकर संचालक फरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के मोहान रोड स्थित साईं हॉस्पिटल में गर्भवती की मौत मामले की जांच शुरू होने से पहले ही संचालक अस्पताल में ताला लगाकर फरार हो गया। वहीं, सीएमओ ने जांच के लिए कमेटी बनाने की बात कही है। ठाकुरगंज के लालाबाग के रहने वाले अंकित यादव की बहन कोमल आठ माह की गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने उसे एक जून को मोहान रोड स्थित साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। भाई अंकित का आरोप है कि डॉक्टर की जगह अस्पताल संचालक श्याम यादव व शेरा सिंह ने इलाज किया था। इलाज में हुई लापरवाही से हालत बिगड़ गई थी। जिसके बाद इंजेक्शन व कुछ दवाएं दीं थी। इससे कोमल की मौत हो गई। मौत के बाद अस्पताल प्रशासन ने कोमल को जिंदा बताकर कृष्णानगर के दूसरे हॉस्पिटल रेफर कर दिया था।

# आसमान में लड़ा गया आपरेशन सिंदूर : आनंदीबेन पटेल

## एकेटीयू में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आईडिया लैब, इंफोसिस मेकर्स लैब, नए छात्रावास का लोकार्पण किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के पहले मेकर्स लैब की छात्रों को मिली सौगात
- नवोन्मेष आइडिया चैलेंज 2025 हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले के विजेता सम्मानित

**अमृत विचार:** आपरेशन सिंदूर जमीन पर नहीं, आसमान में लड़ा गया और यह तकनीक के कारण संभव हो सका। यदि हमें आगे बढ़ना है तो तकनीकी में आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए उक्त बातें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई सिर्फ पैसे कमाने के लिए नहीं करें, बल्कि अपनी प्रतिभा का फायदा समाज को भी पहुंचायें। युवाओं की जिम्मेदारी है कि वह तकनीकी के गलत उपयोग को रोकने में आगे आयें। वह विश्वविद्यालय में नवोन्मेष आइडिया चैलेंज 2025 हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले के विजेताओं को संबोधित कर रही थी।

राज्यपाल ने कहा कि हमें देश हित में कार्य करने के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहना चाहिए। नवाचार के पथ पर चलकर ही देश प्रगति के सोपान को छू सकता है। इस कार्य में युवाओं के कंधों पर जिम्मेदारी है। छात्र विभिन्न समस्याओं का समाधान एआई के माध्यम से खोज सकते हैं।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा नये आयाम को छू रही है। अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा नरेंद्र भूषण ने कहा कि देश तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस दिशा में नवाचार और उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एकेटीयू में एआईसीटीई आईडिया लैब और प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब का उद्घाटन किया। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए 75-75 कमरों के बने नये छात्रावास का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर इनोवेशन हब की ओर से आयोजित 24 घंटे के नवोन्मेष आइडिया चैलेंज 2025 हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमें आईईटी लखनऊ के अंकित द्विवेदी, ओम गुप्ता, अनुराग वर्मा, शिवांचल मिश्रा प्रथम, साहिल कुमार, शुभम पाण्डेय, शुभम जोशी, सिमरन द्वितीय व आशुतोष सिंह, अभिनव दुबे, आर्यवीर सोनी, जान्हवी पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय नवाचार, उद्यमिता, शोध में नित नये आयाम गढ़ रहा है। नवोन्मेष जैसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, एसो. डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, कैस के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक, एफओएपी की प्राचार्या प्रो. वंदना सहगल सहित अन्य शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।



नवोन्मेष कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल।

### इन को किया गया पुरस्कृत

इनोवेशन हब की ओर से 24 घंटे का एआई आइडिया चैलेंज हैकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें संबद्ध संस्थानों की 38 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जूरी के नौ लोगों ने टीमों के पास जाकर उनके आइडिया और प्रोटोटाइप का मूल्यांकन किया। आइडिया से बने प्रोटोटाइप की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

### इंफोसिस के मेकर्स लैब की खास बातें

- 24 सौ स्क्वॉयर फीट में बेहद खास लैब
- 25 हाईटेक वर्किंग स्टेशन 24 घंटे कार्यरत
- 2 राउंड टेबल, कॉन्फ्रेंसिंग एरिया
- हाईटेबल और रिसेप्सन
- 19 हजार निशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम
- आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स और थ्रीडी प्रिंटर्स
- देश में सिर्फ पांच स्थानों पर है ऐसा लैब


छात्रों से उनके तकनीकी मॉडलों की जानकारी लेती राज्यपाल व अन्य। अमृत विचार

## भातखंडे विवि में सिखाये जा रहे योग के लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही ग्रीष्मकालीन मासिक कार्यशाला में नृत्य एवं वादन की कार्यशाला के साथ नौ दिवसीय योग संवाद कार्यक्रम में भी विद्यार्थी विशेष अभिरुचि दिखा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नौ दिवसीय योग संवाद कार्यक्रम में योग साधक प्रशांत शुक्ला के निर्देशन में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक योग के अनेक आसन एवं प्राणायाम के गुण सीख रहे हैं। प्रातः कालीन नृत्य एवं वादन की कार्यशाला के साथ लोग योग संवाद द्वारा अपने जीवन मे योग के महत्व को समझ रहे हैं। नौ दिवसीय योग संवाद कार्यक्रम में लोग योग, ध्यान योग, एवं नृत्य, अष्टांग योग एवं योगनिद्रा, नाद योग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशांत शुक्ला ने बताया कि शिव की दो मुद्राओं में से एक नृत्य एवं एक योग सम्मिलित है। नृत्य एवं योग एक दूसरे के पूरक हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि योग हमारी संस्कृति एवं विरासत है। हमें खुशी है कि हम इस कार्यशाला में योग के प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों तक पहुंच रहे हैं।

# 21 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्ली पश्चिम में आयोजित 21 दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को हो गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार अवनीश अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों से संवाद किया। बच्चों ने भी उनसे खुलकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश ने जिले में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव ने विकास खंड में संचालित समर कैंप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश चंद्र तिवारी के साथ उदय प्रताप सिंह, नंदलाल सिंह, संजय यादव, नीलम सचान, शुचिता त्रिपाठी और राखी कनौजिया भी मौजूद रहे



छात्रों के साथ मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार अवनीश अवस्थी।

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्ली पश्चिम में पहुंचे मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार

**कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया :** काकोरी क्षेत्र स्थित बेसिक विद्यालय बहरू में भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय समर कैंप का समापन 10 जून 2025 को हुआ। कैंप का सहयोग पंकज शर्मा ने किया।

स्कूल की प्रबंधक गीता पांडे ने बताया कि बच्चों ने कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों को नई चीजें सिखाईं। समापन समारोह में राजेश कुमार और श्रद्धा शर्मा (शिक्षामित्र), ग्राम प्रधान गुरु दयाल, पेरेंट्स अध्यक्ष राजू गौतम और सरस्वती मौजूद रहे।

**आखिरी दिन किया योगाभ्यास :** समर कैंप के आखिरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरोसा भरोसा में छात्राओं ने योगाभ्यास तथा प्राणायाम किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने छात्राओं द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां जैसे पेपर मैश से बनी आकृतियां, ड्राइंग, बैग्स, जूट बैग, मूर्ति कला आदि की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# यूपीटीएसी के माध्यम से लविवि लेगा बीटेक और फार्मेसी में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीफार्मा को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मिली मान्यता

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2025-26 में इंजीनियरिंग और फार्मेसी की सीटों पर एकेटीयू की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसिलिंग (यूपीटीएसी) के जरिए प्रवेश लेगा। जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि एकेटीयू इस बार जेईई के छात्रों को प्रथम वरियता उसके बाद सीयूईटी और तीसरे नंबर पर बीटेक की खाली सीटों पर इंटरमीडिएट की मेरिट के आधार पर प्रवेश लेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग और फार्मेसी में प्रवेश को लेकर प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क एक हजार रुपया निर्धारित किया गया है। तकनीकी संकाय में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित है। जिसमें कुल 480 सीटें हैं। इसी तरह बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम में भी एडमिशन लिए जाएंगे। प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को पाठ्यक्रम की फीस के साथ पंजीकरण शुल्क 1000 रुपये और कॉशन मनी 5000 रुपये भी जमा करना होगा। एमसीए में प्रवेश लेने वाले सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है।

### फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मिली मान्यता

इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस के प्रथम बैच ने 2021 में संस्था में प्रवेश लिया था जो कि 2025 जून में उत्तीर्ण हो रहा है। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने अंडर सेक्शन 12 ऑफ फार्मेसी एक्ट के अंतर्गत मान्यता प्रदान कर दी है, जिससे छात्र पास होने के बाद फार्मासिस्ट का पंजीकरण करा सकेंगे। अभी तक संस्थान के पास कोर्स कंडक्शन की मान्यता थी।

## सार-संक्षेप

### भारतीय विवि परिसंघ महासचिव ने किया पुनर्वास विवि का दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ महासचिव पंकज मित्तल ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह व भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ की महासचिव पंकज मित्तल के बीच पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगता के क्षेत्र में शोध एवं विकास के क्षेत्र में आगामी सहयोग हेतु बातचीत संपन्न हुई। इस अवसर पर कुलसचिव रोहित सिंह, वित्त अधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पंकज मित्तल ने दिव्यांगजन के हितार्थ किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना भी की।

### इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना के लिए आवेदन 15 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड और सीबीएसई के विज्ञान वर्ग के मेधावियों को इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना में 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए उन्हें परीक्षा पास करनी होगी। योजना का लाभ देने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 15 जून से शुरू हो सकती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विज्ञान वर्ग के बच्चों को अनुसंधान और नवाचार करने के लिए किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत की गई थी। योजना के तहत उच्च शिक्षा तक अगर कोई भी छात्र नवाचार जारी रखता है तो उसे करीब 80 हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलती है। साथ ही जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, छात्रवृत्ति भी बढ़ती जाती है। बता दें कि इस योजना में सभी बोर्डों के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं।

### सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों पर जुड़ी शिक्षा भी देना जरूरी है। इससे बच्चे अच्छे संस्कार के बारे में जानेंगे। यह बात एससी / एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने नाका के एक होटल में आयोजित ग्लोबल एजुकेशन एक्शन वीक कार्यशाला में कहीं। उन्होंने अभिभावकों अपील है कि कि सभी वर्ग के बच्चों की शिक्षा और समान विकास मौलिक अधिकार है। ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ और नेशनल कोएलेशन ऑफ एजुकेशन और स्कोर की ओर से आयोजित कार्यशाला में एससीईआरटी के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. पवन सचान ने बेसिक शिक्षा में डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीन नवाचार को साझा किया। कार्यशाला में संजीव सिन्हा, शिक्षाविद डॉ. वीना गुप्ता, रामचंद्र डबार, मनोज कुमार सिंह, अनुज त्यागी, आलोक मिश्र, ठाकुरदास यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, हरिशंकर राठौर समेत अन्य मौजूद रहे।

### पीजीआई के चिकित्सक समेत चार हुए कोरोना संक्रमित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में कोरोना के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया एसजीपीजीआई के क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 25 मई को वह गाजियाबाद गए थे। वापस आने पर उन्हें बुखार संग कोविड के लक्षण आ गए। जांच कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सदर व कैंट इलाके की दो महिलाएं भी कोरोना पॉजिटिव आई हैं। दोनों में लक्षण आने पर जांच कराई थी। इससे पहले भी सदर की एक युवती पॉजिटिव आई थी। गोमतीनगर के विनीत खंड निवासी पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। लखनऊ में अब तक कोविड के 15 मरीज मिल चुके हैं। इसमें नौ एक्टिव केस हैं।

### समर कैंप समाप्त, फिर से ईको गार्डेन में जुटेंगे शिक्षामित्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप खत्म होने के बाद प्रदेश के शिक्षामित्र बुधवार से ईको गार्डन में फिर से जुटेंगे। शिक्षामित्रों का कहना है कि 21 दिवसीय समर कैंप में ड्यूटी लगने की वजह से सभी धरने में शामिल नहीं हो पा रहे थे। शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने चेतावनी दी है कि जब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात नहीं हो जाती है। धरना जारी रखेंगे। टीईटी पास शिक्षामित्र इको गार्डन में 27 मई से लगातार धरना दे रहे है। संगठन के अध्यक्ष गुड्डू सिंह का कहना है कि 1.46 लाख शिक्षा मित्र सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से करीब 50 हजार शिक्षामित्र टीईटी व सीटीईटी उत्तीर्ण है। उत्तराखण्ड, हिमाचल समेत दूसरे प्रदेश शिक्षामित्रों को सम्मानजनक मानदेय दे रहे हैं। शिक्षामित्रों का कहना है कि अब मुख्यमंत्री से मिलकर ही बात बनेगी। प्रदेश संगठन मंत्री विकास शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री अनुज त्रिपाठी ने कहा कि 10 हजार में परिवार का पेट पालना मुश्किल हो रहा है। शिक्षामित्रों ने कहा कि शिक्षकों के समान वेतन, तब तक सम्मानजनक 12 माह का मानदेय, चिकित्सकीय अवकाश, 14 सीएल, एवं अन्य अवकाश दिया जाए।

### अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी ने मंगलवार को सदस्यता अभियान का शुरुआत की। इस मौके पर अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे ने बताया कि आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधान सभा चुनाव में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे ने बताया कि पार्टी बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाएगी जिससे अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी की विचारधारा पहुंचेगी। सदस्यता कार्यक्रम में मंडल कार्यकारिणी में कानपुर मंडल संयोजक के पद पर वैभव सक्सेना, फैजाबाद मंडल संयोजक कुलदीप शुक्ला, आजमगढ़ मंडल संयोजक महेंद्र सिंह यादव, फैजाबाद मंडल उपाध्यक्ष दुर्गेश सोनी, कानपुर जिला संयोजक राजेश मिश्र, बाराबंकी जिला संयोजक हरीश वर्मा, हरदोई जिला संयोजक रोहित पांडे, लखनऊ जिला संयोजक राज पाण्डेय, बाराबंकी जिला सचिव रश्मी श्रीवास्तव, बहराइच जिला सचिव आशा पाठक, लखनऊ जिला सचिव राजेश पाण्डेय, लखनऊ जिला उपाध्यक्ष चोटी वाले बाबा एवं जिला मंत्री ऋषिकेश तिवारी के अलावा लगभग 2 हजार सदस्यों ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण की।

### कर्ज से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला में कर्ज से परेशान शुभम शुक्ला (35) ने सोमवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के दौरान पुलिस को कमरे से दो पन्ने का सुसाइड नोट मिला। जिसमें कई बैंक से क्रेडिट कार्ड पर लोन लेने की बात लिखी थी। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टिकैतराय कॉलोनी निवासी शुभम शुक्ला (35) एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। तीन वर्ष से वह बेरोजगार थे। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात शुभम ने कुंडे से रस्सी के फंदा लगा लिया। परिजन शुभम को फंदे से उतारकर ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छानबीन के दौरान कमरे में दो पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में शुभम ने कई बैंकों से क्रेडिट कार्ड पर लोन लेने की बात लिखी है।

# कश्मीर से केरल तक के छात्र करेंगे योग

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसर में जुटेंगे देशभर के विद्यार्थी
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर में देश के 18 राज्यों के छात्र-छात्राएं अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। आगामी 20 व 21 जून को योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी और परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा के निर्देशन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 'योग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण' थीम के साथ मनाया जाएगा। परिसर में 20 व 21 जून को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, त्रिपुरा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडू राज्यों से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 12 परिसर, 18 आदर्श महाविद्यालय व लखनऊ के 33 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के 300 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः रुपये पांच हजार, तीन हजार एवं दो हजार की धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

**यह होगा आयोजन :** कार्यक्रम में योगासन, योग सन्दर्भित पोस्टर निर्माण, योग सन्दर्भित स्लोगन लेखन, सामूहिक योगासन तथा योग सन्दर्भित परिसम्वाद प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक एवं विश्वविद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर किया जाएगा।


केजीएमयू में योग प्रशिक्षण के दौरान महिलाएं।



कार्यक्रम में बोलतीं योगाचार्य पूजा सिंह।

**घटाना है मोटापा तो करें सूर्य नमस्कार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में केजीएमयू के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता योगाचार्य पूजा सिंह ने बताया कि मोटापा में रोगियों को भुजंगासन धनुरासन, मरकट आसन उदराकर्षणासन, मलाशन व प्राणायाम में अनुलोम विलोम, कपालभाति, उज्जाई प्रणायाम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास फायदेमंद है। संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि मोटापा में अग्निसार क्रिया और सूर्य नमस्कार लाभकारी होता है। योग प्रशिक्षिका प्रियंजली पाण्डे, मोनिका सिंह, प्रीति मनुज ने गर्भवती महिलाओं को जानु शीर्षासन, मर्जरी आसन, सेतुबंध आसन, सुप्त बंधासन, तितली आसन व प्राणायाम में नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया।

### बिरजू महाराज कथक संस्थान में सूर्य नमस्कार

**अमृत विचार लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में बिरजू महाराज कथक संस्थान ने सूर्य नमस्कार का आयोजन किया। संस्थान परिसर में योगाचार्य डॉ. हंस कुमारी ने सूर्य नमस्कार से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार शरीर को लचीला, मजबूत व उर्जावान बनाता है। इससे पाचन में सुधार आता है, तनाव कम होता है तथा यह मानसिक एकाग्रता को बढ़ाता है। संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर, उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी और संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।


बिरजू महाराज कथक संस्थान में योग करती छात्राएं। अमृत विचार

# ऑफलाइन तबादले के सैकड़ों मामले अधर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एडेड विद्यालयों के सैकड़ों प्रधानाचार्यों व शिक्षकों के ऑफलाइन तबादले की फाइलें जिला विद्यालय निरीक्षक और संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय स्तर पर लंबित हैं। इस बीच सात जून को शासन के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त की ओर से जारी आदेश से इन प्रधानाचार्यों-शिक्षकों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

सात जून के आदेश में साफ लिखा है कि उस तारीख तक जो फाइलें शिक्षा निदेशालय को मिल चुकी हैं उनका नियमानुसार तबादला होगा। अब जिन शिक्षकों के प्रकरण लंबित हैं वे अपनी पत्रावली शिक्षा निदेशालय में जमा करवाने की मांग कर रहे हैं। अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद दुबे ने बताया कि अगर आदेश पहले कर दिया जाता तो यह स्थिति नहीं होती अब जो शिक्षक ऑनलाइन आवेदन करेगा अगर उसी स्थान को लेकर किसी ने ऑफलाइन आवेदन कर रखा है और दोनों का आवेदन स्वीकृत हो जाता है ऐसे में तैनाती को लकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी।

वहीं असमजंस की स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेंद्र देव और अपर निदेशक सुरेन्द्र तिवारी से मुलाकात की। उन्होंने मांग की कि जिन शिक्षकों की पत्रावलियां अभी तक लंबित हैं, उनके हित में ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए।

## ठाकुरगंज अस्पताल में हुआ कूल्हे का प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में पहली बार महिला के कूल्हे का प्रत्यारोपण आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने महिला का इलाज करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया हरदोई बघौली निवासी सीमा (55) करीब एक साल पहले रिक्शे से जा रही थीं। रास्ते में खराब सड़क पर रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई। परिवारीजनों ने ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल की ओपीडी में आर्थोपेडिकल सर्जन डॉ. एके पांडेय को दिखाया।

दो जून को डॉ. एके पांडेय, डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. शाहिद अंसारी ने अपनी टीम के साथ सर्जरी कर कूल्हा प्रत्यारोपण किया। महिला मरीज अभी अस्पताल के सर्जिकल वार्ड बेड नंबर सात पर भर्ती हैं। अब वह खुद से चलने लगी हैं। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत महिला का कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। निजी अस्पताल में करीब एक लाख रुपया इलाज में खर्च आता है।

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या ॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने

> एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छवास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन्



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह

> मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने आ रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। **-फेसबुक वॉल से**

# कराहती नदियां किससे करें पुकार

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है।



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

> नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### राजेंद्र के परिवार को दी 7 लाख की मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के नर्सिंग अफसर राजेंद्र यादव के परिवार को केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन ने 7 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है। एसोसिएशन के संरक्षक प्रदीप गंगवार ने बताया ईएनटी विभाग में तैनात राजेंद्र यादव का 23 मई को अकस्मात् हृदय घात से निधन हो गया था। वह अपने पीछे माता पिता, दो छोटे भाई, पत्नी पिंकी और तीन वर्ष के बेटे को छोड़ गए हैं। पूरे परिवार की जिम्मेदारी राजेंद्र के कंधों पर ही थी। उनके अचानक जाने से घर पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा था। एक तरफ परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य को खोने का गम और दूसरी तरफ आर्थिक संकट जैसी विपत्ति। मंगलवार को नर्सेस एसोसिएशन ने नर्सिंग कैडर के सभी नर्सिंग अफसरों की मदद से छह लाख की धनराशि चेक के मध्यम से एवं एक लाख की नगद धनराशि पत्नी पिंकी यादव को दी गई है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, एसोसिएशन की अध्यक्ष यदुनंदिनी सिंह, महामंत्री जितेंद्र उपाध्याय, नवनीत अनिल, सूतापा बैनर्जी, सुनील, छोटी यादव, राहुल, सत्यम, लोकेश और सुंदरम् आदि नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण की धमकी देकर की वसूली, 16 पर रिपोर्ट दर्ज

## पीड़ित शिक्षक ने पुलिस को सौंपी आरोपियों के नाम की सूची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाजारखाला कोतवाली में एक शिक्षक ने खुद को अधिवक्ता और पत्रकार बताने वाले 16 लोगों के खिलाफ जबरन वसूली की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि निर्माण के दौरान आरोपी गलत खबरें सोशल मीडिया पर चलाकर बदनाम कर रहे हैं। यही नहीं आरोपियों ने एलडीए से इमारत सील कराने और बुलडोजर चलवाने की धमकी देकर वसूली की गयी। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मंसूरनगर के पीछे रहने वाले डा. मिर्जा मोहम्मद अबू तैयब ने बताया कि उनकी 1450 वर्ग फुट की संपत्ति में आधा हिस्सा मामा की बेटी फातिमा रजी का है। उसमें निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद भी कुछ युवक खुद को पत्रकार ब्लैकमेल कर रहे हैं। आरोपी रुपये की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर एलडीए से इमारत सील कराने और बुलडोजर चलवाने की धमकी दी।

पीड़ित ने बताया कि उनके पास एक कॉल आयी। फोन के पीछे मौजूद शख्स ने अपना नाम अधिवक्ता तनमय राज सिंह बताया। आरोपी ने डरा धमकाकर रुपया 50 हजार वसूल लिए। तनमय की तरह कई अन्य युवकों ने भी धमकाकर वसूली की। आरोप है कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत खबर चलायी जा रही है। जिसमें आरोप लगाया गया कि निलंबित जेई की मिलीभगत से कोतवाली के सामने अवैध निर्माण हो रहा है। पुलिस व बिल्डर की सांठगांठ है।

पीड़ित शिक्षक ने बाजारखाला कोतवाली में शिकायत की। पीड़ित ने बताया कि उनसे नकद व ऑनलाइन वसूली की गयी है। शुरुआती जांच के बाद बाजारखाला पुलिस ने दानिश खान, आयुष कुमार, शिशुनाथ सिंह, नितिन अवस्थी, रवि श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार सिंह, रजा अब्बास, तारिक खान, सुहेल अरशद, किरण कमल, अजीज, हरीश भटनागर, कमलेश फाइटर, इन्द्राशन, विशाल निगम, तनमय राज सिंह व 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ रंगदारी, धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



लिंग भेदभाव के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते नर्सेज। अमृत विचार

## पीजीआई की नर्सेज ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने मंगलवार को नर्सिंग संवर्ग में नियुक्ति और पदोन्नति में सरकार की ओर से किये जा रहे लिंग भेदभाव के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। संगठन की अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर, उपाध्यक्ष सुजान सिंह व राजकुमार और संयुक्त मंत्री मनोज कुमार व कोषाध्यक्ष सुखलेश कुमार समेत अन्य ने ज्वाइंट वर्किंग कमेटी के नेतृत्व में देश व्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। सभी ने कहा कि सरकार नर्सिंग संवर्ग को न्याय नहीं देता। विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर मंजू कमल, जनार्दन सिंह, हेमंत नागर समेत संस्थान के नर्सिंग आफीसर शामिल हुए।

### समर कार्निवाल में दिखी सांस्कृतिक झलक

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल के 12वें दिन सांस्कृतिक मंच पर पल्लवी कुमारी, ऋषि, वर्षा त्रिपाठी, नव्या कुमारी और पूनम द्वारा प्रस्तुत नृत्य खूब सराहे गए। राजस्थानी, पंजाबी, अवधी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कश्मीरी, उत्तराखंडी की झलक कार्यक्रम में देखने को मिली।

**सूचना**

पहले मेरा नाम SAFIYA था अब मैंने अपना नाम बदलकर SAFIYA BEGUM रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- MANZOOR ALAM R/o- 44, CHAK FATEH ALISHAH, PRATAPGARH CITY**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम कौसेन अहमद (Kausen Ahmad) था। वर्तमान में मैंने अपना नाम बदलकर कोशेन अहमद (Koshen Ahmed) रख लिया है। मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाये। पता– ग्राम–जिगनी पो0–मंडरॉव, थाना बिन्दकी, जिला–फतेहपुर, उ0प्र0– 212635

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

# पुलिस ने मांगे अस्पतालों अधिकारियों व कर्मचारी की सूची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयुष्मान योजना में स्टेट एजेंसी साचीज के तीन अधिकारियों के आईडी का हुआ था दुरुपयोग
- हजरतगंज थाने में दर्ज है रिपोर्ट पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** आयुष्मान योजना में 9.94 करोड़ के घोटाले की जांच हजरतगंज पुलिस ने शुरू कर दी है। इस मामले में स्टेट एजेंसी साचीज के तीन अधिकारियों के आईडी का दुरुपयोग किया गया। इसके माध्यम से 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से यह भुगतान किया गया। सारे भुगतान रात में किये गये। पुलिस ने जांच के लिए स्टेट एजेंसी साचीज से अस्पतालों की सूची मांगी है। ताकि उनके खातों की जांच कर लाभार्थियों को रुपये भेजे गये है कि नहीं इसका पता लगा सके। वहीं, साचीज के नोडल डॉ. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव से ट्रांजेक्शन से संबंधित दस्तावेज, जिन तीन अफसरों की मेल आईडी प्रयोग रुपये ट्रांसफर करने में किया गया उनका ब्योरा, इसके अलावा एजेंसी में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची भी मांगी है।

पुलिस ने स्टेट एजेंसी द्वारा की गई जांच का भी डिटेल अफसरों से मांगी है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक जल्द ही इस मामले में वादी और एजेंसी से जुड़े कई अन्य अफसरों के बयान दर्ज किए जाएंगे। इस संबंध में उन्हें नोटिस जारी की गई है। इस मामले में साचीज के नोडल अधिकारी डॉ. ब्रजेश श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराया था।

उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में नौ करोड़ 94 लाख रुपये के घोटाले की जानकारी देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। एजेंसी के लेखाधिकारी, मैनेजर और सीईओ की आईडी का इसमें इस्तेमाल किया गया। किसी व्यक्ति ने तीनों की आईडी का दुरुपयोग करके 6239 लाभार्थियों के नाम से 39 चिकित्सालयों को भुगतान कर 9.94 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है।



पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त हुए आईपीएस अधिकारी आशीष गुप्ता को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते डीजीपी राजीव कृष्ण। अमृत विचार

## वीआरएस ले चुके आईपीएस आशीष गुप्ता को दी गई विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** 34 वर्ष की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए आईपीएस अधिकारी आशीष गुप्ता को मंगलवार को विदाई दी गई। इसके लिए पुलिस मुख्यालय में विशेष समारोह का आयोजन किया गया था। वर्तमान में आशीष गुप्ता डीजी रूल्स एवं मैनुअल के पद पर तैनात थे। डीजीपी राजीव कृष्ण ने उनको स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रिटायर डीजी व यूपीएसएसएससी के चेयरमैन एसएन साबत, डीजी रेणुका मिश्रा, डीजी होमगार्ड बीके मौर्य, डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा, एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोड़ा ने आईपीएस आशीष गुप्ता के साथ तैनाती का संस्मरण साझा किया। वहीं डीजी रूल्स एवं मैनुअल आशीष गुप्ता ने सभी अधिकारियों को आभार ज्ञापित किया। समारोह में डीजी पावर कारपोरेशन, डीजी फायर, डीजी अभियोजन, एडीजी कानून-व्यवस्था, एडीजी पीएचक्यू, एडीजी जोन लखनऊ, एडीजी साइबर क्राइम समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-ऑफिस की नहीं खोली लॉगिन, ऑफलाइन काम

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास भवन व उससे सम्बंधित विभागों में ई-ऑफिस तो लागू हो गया लेकिन, ज्यादातर विभाग में कामकाज पुरानी व्यवस्था के तहत ऑफलाइन चल रहे हैं। स्थिति यह है कि अधिकारियों और कर्मचारियों ने ई-ऑफिस के लॉगिन आईडी तक नहीं खोली हैं। विभागीय कामकाज और पत्राचार में सरलता व पारदर्शिता लाने के लिए विकास भवन व उससे जुड़े कार्यालय में ई-ऑफिस लागू किया गया है। ताकि विकास भवन से ब्लॉक तक फाइलिंग व पत्राचार ऑनलाइन किया जा सके। इससे पेपर की बचत होगी और समय भी बचेगा। यह नई व्यवस्था कुछ ही विभागों ने शुरू की है। जबकि ज्यादातर विभागों में पुराने ढर्रे पर ऑफलाइन कामकाज हो रहे हैं। ई-ऑफिस पर काम करने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारियों को लॉगिन आईडी बनाकर दिए गए थे। स्थिति यह है कि लॉगिन आईडी खोले तक नहीं गए हैं। जिन विभागों ने ई-आफिस शुरू किया है उनके कार्य आसान हो गए हैं।

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि कम्पनी कुंवर इन्फ्रा डबलपर्स प्रा० लि० पता-पी-52, नेहरू इन्क्लेव, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०) के पास पशु खाने योग्य, आटा, चावल, दाले, आदि स्टॉक में है जिसको वह जहां है और जैसा है वैसे के आधार पर निलामी के माध्यम से बेचना चाहती है। अतः सभी उचित व्यापारियो को दिनांक 13.06.2025 को समय प्रातः 11:00 से सांय 05:00 बजे तक माल को देखने व उचित दाम लगाने हेतु आंमात्रित किया जाता है। स्थान- नवीन गल्ला मण्डी बाराबंकी
सम्पर्कः- नफीस अहमद
(डायरेक्टर कुंवर इन्फ्रा डबलपर्स प्रा० लि०)
मो० नं0-9918940422

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचनाः NER-LJN- 2025-57-58

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः– क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-57 (Two Packet System), कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक मंडल इन्जीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अनुभाग में 5 स्टेशन के यार्डो में यार्ड सुधार का कार्य। (लक्ष्मीपुर, नौतनवां, पीपीगंज, डोमिनगढ़ और जगतबेला) (केवल सिविल कार्य।) अनुमानित लागत (₹): 20,52,98,906.10, अग्रिम धन (₹): 11,76,500/-, समापन अवधिः 18 माह। क्रम सं.-02, ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-58 (Two Packet System), कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक मंडल इन्जीनियर/पूर्व/गोण्डा के अनुभाग में 15 स्टेशन के यार्डो में यार्ड सुधार का कार्य। (बभनान, परसा तिवारी, टिनिच, बस्ती, गौर, गोविन्दनगर, ओरवारा, स्वामी नारायण छपिया, झिलाही, कटरा, लखपतनगर, मनकापुर, मसकनवां, टिकरी और मोतीगंज) (केवल सिविल कार्य।) अनुमानित लागत (₹): 12,87,99,750.72, अग्रिम धन (₹): 7,94,000/-, समापन अवधिः 18 माह। (1) उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-57 & 58 के लिये ई-निविदा दिनांक 01-07-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-105
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# मॉडल चाय वाली से मारपीट मामले में दरोगा-सिपाही लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी उत्तरी ने की कार्रवाई
- एसीपी अलीगंज को सौंपी जांच

**अमृत विचार:** मॉडल चाय वाली से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी ने मामले का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को राम-राम बैंक चौकी इंचार्ज आलोक चौधरी और आरक्षी अभिषेक को लाइन हाजिर कर दिया है। पूरे मामले की जांच एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र रघुवंशी को सौंपी हैं। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पुलिसकर्मी इंजीनियरिंग कालेज चौराहे पर मॉडल चाय वाली सिमरन को जबरन खींच कर ले जाते हुए दिखाई दे रही थी। दोनों धक्का-मुक्की कर रहे थे। इसके बाद एक वीडियो और वायरल हुआ, जिसमें चाय वाली को सादी वर्दी में एक व्यक्ति पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। सिमरन का पुलिस ने चालान कर दिया। मामले का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा तो राजनैतिक पार्टियों ने इंटरनेट मीडिया हैंडल से पोस्ट कर दिया। मामले में जांच के आदेश दिए गए।

डीसीपी ने बताया कि एसीपी की जांच में जिसकी भी लापरवाही मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ताकि दोबारा इस तरह की हरकत न हो सके। वहीं, एक्स पर पुलिस ने अपना पक्ष रखते हुए लिखा कि देर रात तक रोज चौराहे पर दुकान खुली रहती है। लड़की और लड़कियों का जमावड़ा रहता है। सब सिगरेट और चाय पीते हैं। इसके चलते आए दिन मारपीट और हंगामा भी होता है।

लड़कियां होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत भी वहां पुलिस गश्त करती रहती है। एक माह पहले भी प्रोफेसर चाय वाले से सिमरन का विवाद हुआ था। उस दौरान भी कई दुकानों का चालान किया गया था। रविवार रात करीब 12 बजे पुलिस कर्मी गश्त कर रहे थे। दुकान बंद करने को कहा गया पर सिमरन ने सुना नहीं। एक बजे फिर महिला सिपाही पहुंची तो उससे सिमरन भिड़ गई। इसके बाद कार्रवाई की गई।

## जल निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के तत्वावधान में मंगलवार को जल निगम कर्मियों और पेंशनरों ने जल निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक वाईएन उपाध्याय ने कहा कि छह माह का वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों व पेंशनरों के परिवार परेशान हैं। उन्होंने कहा न 7 वें वेतन का लाभ मिल रहा है और महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत के स्थान पर 212 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। डिप्लोमा इंजीनियर्स पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने कहा कि पहले निगम में 26000 कर्मी थे अब केवल 5060 ही बचे हैं। उनको भी वेतन देने के लाले पड़े हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि वेतन व पेंशन का तत्काल भुगतान नहीं किया गया तो 24 जून को सभी मुख्य अभियंता कार्यालयों पर सामूहिक अनशन किया जाएगा।

# बाढ़ से निपटने के साझा किए नवाचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नागरिक-सैन्य संगोष्ठी में बाढ़ से निपटने के लिए भारतीय सेना की मध्य कमान के साथ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नवाचार साझा किए। पांच राज्यों की टीमों ने विशेषज्ञों से सीखे गये सबक, बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचार प्रस्तुत किए और नवीनतम रुझान जाने।

मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से छावनी स्थित मध्य कमान मुख्यालय में आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय स्तर की नागरिक-सैन्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण स्वतंत्र देव सिंह रहे।



नागरिक–सैन्य संगोष्ठी पर लगे स्टॉल का अवलोकन करते कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

- छावनी में सेना के साथ पांच राज्यों ने किया प्रतिभाग

कार्यक्रम में सेना के साथ उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार व मध्य प्रदेश के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों ने प्रतिभाग किया गया।

केंद्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसियां, पूर्व चेतावनी एजेंसियां और प्रतिक्रिया बल भी शामिल हुए। इस दौरान टीमों ने बाढ़ से निपटने के लिए अपने राज्यों में सीखे गये सबक, बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचार साझा किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व लेफ्टिनेंट जनरल ए. सेनगुप्ता के साथ परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# डीएम महाराजगंज को पहला, अयोध्या को दूसरा स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग

- अयोध्या दूसरे और जालौन तीसरे स्थान पर, बरेली और लखीमपुर खीरी जैसे जिलों ने भी विकास और प्रशासनिक दक्षता दिखायी

### रैंकिंग में टॉप 10 जिलाधिकारी

संतोष कुमार शर्मा (महाराजगंज), राजेश कुमार पांडेय (जालौन), दुर्गा शक्ति नागपाल (लखीमपुर खीरी), अविनाश सिंह (बरेली), धर्मेंद्र प्रताप सिंह (शाहजहांपुर), अजय कुमार द्विवेदी (श्रावस्ती), महेंद्र सिंह तंवर (कुशीनगर), अक्षय त्रिपाठी (ललितपुर), अनुनय झा (हरदोई) और उमेश मिश्रा (मुजफ्फरनगर)।

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग जारी की है। यह रैंकिंग प्रशासनिक कार्यकुशलता, जनसुनवाई, कानून व्यवस्था, जनकल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन, विकास और राजस्व संग्रह के आधार पर है। इन्हीं क्षमताओं को मानक मानते हुए टॉप 10 जिलाधिकारियों की सूची मंगलवार को जारी की गई है। इस रैंकिंग में महाराजगंज के डीएम संतोष कुमार शर्मा का 9.63 अंकों के साथ पहला स्थान है। जबकि अयोध्या दूसरे और जालौन तीसरे स्थान पर है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के मुताबिक, इन जिलाधिकारियों ने अपने जिलों में जन शिकायतों के त्वरित निवारण, विकास परियोजनाओं को गति देने और राजस्व संग्रह में उत्कृष्टता दिखाई है। इस क्रम में जालौन के डीएम राजेश कुमार पांडेय ने राजस्व और विकास में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वहीं, बरेली और लखीमपुर खीरी जैसे जिलों ने भी विकास और प्रशासनिक दक्षता में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के टेकनिवास स्टेशन पर फुल रेक हैन्डलिंग साईडिंग के निर्माण का कार्य (ट्रैक एवं सिविल कार्य) **ई-निविदा सूचना सं0ः डीवाईसीई-जीएस-बीएसबी-01-2025, अनुमानित लागत (₹): ₹** 21,07,09,479.49, **अमानत राशि (₹): ₹** 12,03,600.00, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 04.07.2025 15.00 बजे तक, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। **नोटः** • निविदा सूचना संख्या डीवाईसीई-जीएस-बीएसबी-01-2025 दिनांक 09.06.2025 को दिनांक 04.07.2025 को 15.00 बजे तक, आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इन्जी0/गतिशक्ति, वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-106
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## अनुभव

### शिवरी प्लांट और सीएंडडी वेस्ट प्लांट की कार्यप्रणाली समझी, अमरावती में लखनऊ मॉडल को कर सकते हैं लागू

# आंध्र प्रदेश की टीम ने देखी नगर निगम की कूड़ा निस्तारण प्रणाली

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ नगर निगम में कूड़ा निस्तारण में अपनायी जा रही तकनीक देखने मंगलवार को आंध्र प्रदेश सरकार के नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के मंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ आंध्र निगम के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल लखनऊ आया। इस दल ने शिवरी प्रोसेसिंग प्लांट और सीएंडडी वेस्ट संयंत्र देखा।

इससे पहले दल को स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और अरुण कुमार गुप्त की मौजूदगी में लखनऊ की सफाई व्यवस्था पर प्रस्तुति दी गई। इसके बाद अधिकारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर में गए, जहां से वाहनों की निगरानी और सफाई एजेंसियों के कामकाज की रियल टाइम मॉनिटरिंग होती है।



आंध्र प्रदेश से आए दल के साथ प्रस्तुतीकरण देखतीं महापौर और नगर आयुक्त।

### दो वर्ष के कार्यकाल में बदली शहर की तस्वीरः महापौर

महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान किये गए प्रमुख कार्यों को दल के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि इन दो वर्षों में शहर की तस्वीर काफी बदल गई है। शिवरी में लगे कूड़े के पहाड़ों को खत्म कर दिया गया है। तीसरा प्लांट भी जल्द शुरू हो जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन निकलने वाला 2000 मीट्रिक टन कचरे का प्रतिदिन निस्तार शुरू हो जाएगा। महापौर ने कहा कि जल्द ही वेस्ट टू एनर्जी के लिए प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ मॉडल को आंध्र प्रदेश में लागू करने में हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

आंध्र सरकार के मंत्री पी नारायण ने कहा कि हम आंध्रा में स्वच्छ भारत की तरह स्वच्छ आंध्रा कैंपेन चला रहे हैं। लखनऊ में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और लिगेसी वेस्ट पर अच्छा काम किया जा रहा है। यहां की सड़कें साफ हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी राजधानी अमरावती में बना रहे हैं। आधुनिक और ग्रीन फील्ड सिटी बनाने के लिए हम हर जगह से बेस्ट पॉसिबल चीजें एक्सचेंज करेंगे। मंत्री ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए ई वाहनों के प्रयोग की तारीफ की। प्रतिनिधिमंडल में आंध्र प्रदेश सरकार के मंत्री, नगर प्रशासन एवं शहरी विकास पी नारायणा, मंत्री के ओएसडी गोपीनाथ, स्वच्छ आंध्र निगम के चेयरमैन के. पत्ताभिराम, नगरपालिका प्रशासन के आयुक्त एवं निदेशक डॉ. पी संपत कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के स्टेट मिशन डायरेक्टर बी. अनिल कुमार रेड्डी, मुख्य अभियंता के वेंणुगोपाला राव, सीओओ डॉ. डी दशरथ रामि रेड्डी, माडनपल्ले नगर निगम के नगर आयुक्त शेख अलीम बाशा, डिप्टी इंजीनियर के सतीश कुमार तथा प्रबंध निदेशक मुद्रागिरी कुमार वेंकटा शामिल थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ध्रुव यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव का नाम परिवर्तित कर ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव कर दिया गया है। ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव नाम से ही भविष्य में कार्यवाही की जाये। Ganesh Chandra Yadav A3/302, Eldeco Elegance Vibhuti Khand, Gomti nagar Lucknow 226010

**सूचना**

मेरा 20 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मेरे कहने – सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ उठता बैठता है, अपने मन की ही करता है। जबकि दो बेटे सूरज पटेल, सोनू पटेल सही हैं। संजय गलत लोगों की संगत में रहकर हर प्रकार के नशे व कुसंगत में रहता है। अकारण हम सपरिवार उसके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। मेरी संपत्ति पर केवल सूरज पटेल व सोनू पटेल का ही हक माना जाए। संजय पटेल का कोई हक नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये लेनदेन व किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति हम व हमारे परिजन उत्तरदायी नहीं होंगे। **जीतलाल व देवकली पत्नी जीतलाल निवासी – पनाह नगर, रहवई, थाना – कुंडा, जिला – प्रतापगढ़।**

**सूचना**

अवगत कराना है कि पासपोर्ट पर मेरा नाम मो. उमर अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मो. उमर खान व पिता का नाम मो.सिद्दीक खान अंकित है जो सही है अतः अब मुझे मो. उमर खान के नाम से जाना जाए। **मो. उमर खान पुत्र मो.सिद्दीक खान नि. ग्राम.रस्तामऊ थाना मोहनगंज तिलोई अमेठी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियव्रत चतुर्वेदी सुत शैलेन्द्रनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपका पावर हाउस रावर्ट्सगंज सोनभद्र उ0प्र0।** मेरा पुत्र का नाम अव्यान चतुर्वेदी है जोकि सत्य व सही है, तथा उसके आधार कार्ड में भी अंकित है, किन्तु पुत्र के स्कूल में अव्यान लिखा गया है अतः पुत्र के स्कूल में नाम संशोधित करते हुए अव्यान चतुर्वेदी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं AISHAN KHATOON W/O MUNEER निवासी H.NO-2 ग्राम पोस्ट चीर्रा बाराबंकी की रहने वाली हूं। अब मैं अपना नाम बदल के AYISA KHATOON रख लिया है। अब मैं भविष्य में अपने बदले हुए नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

## एक नजर

### सुरेंद्र प्रताप हत्याकांड में चार आरोपी दोषसिद्ध

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चुनावी रंजिश में छह वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने चार आरोपियों को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया वहीं एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दोषियों को 12 जून को जेल से तलब कर सजा सुनाई जाएगी। डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक अमेठी जिले के जामो थाने के अमरबोझा बरौलिया निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मई 2019 की रात करीब 11:30 बजे हुई घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप के मुताबिक, वादी के छोटे भाई सुरेंद्र प्रताप सिंह बरामदे में सोए थे। बगल में भतीजा अनुराग व अभय भी सोए हुए थे। इसी बीच गोली मारकर आरोपियों ने सुरेंद्र प्रताप की हत्या कर दी।

### डकैतीकांड के 3 आरोपियों की वर्चुअल पेशी दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के ठठेरी बाजार स्थित भरतजी सोनी ज्वैलर्स पर 28 अगस्त 2023 को दिनदहाड़े हुई बहुचर्चित डकैती कांड में मंगलवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में मुख्य आरोपी विपिन सिंह, अरबाज और फुरकान की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज की गई। अदालत ने अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए अगली तिथि 20 जून निर्धारित की है। मामले में अब तक 12 आरोपियों पर आरोप तय किए जा चुके हैं। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने अदालत से मांग की है कि अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह सहित अन्य आरोपियों पर चल रहे विभिन्न विचाराधीन मामलों की फाइलों को एकीकृत किया जाए, ताकि सुनवाई एक साथ की जा सके साथ ही सहूलियत मिले।



परकोटा के अग्निकोण के मंदिर में भगवान गणेश।



नैऋत्य कोण में रथ पर विराजमान सूर्य देव



वायव्य कोण मंदिर में मां भगवती



उत्तरी भुजा के मंदिर में माँ अन्नपूर्णा



दक्षिणी भुजा के मंदिर में बजरंगबली



ईशान कोण के मंदिर में स्थापित शिवलिंग

## राम मंदिर : परकोटे में विराजमान देवी-देवताओं के दर्शन को तस्वीरें जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के 6 मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन की अभिलाषा लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं, लेकिन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण इन मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था प्रारम्भ नहीं हो सकी है, जिसको देखते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया के माध्यम से भक्तों को देवी-देवताओं के दर्शन कराने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए तस्वीरें जारी की जा रही हैं।

# लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध व युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा गांव का युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा भवानी गांव निवासी श्रीधर शर्मा उर्फ दद्दा (65) पुत्र स्व. कालीचरण अपने पड़ोसी राजेंद्र (42) पुत्र बृजकिशोर के साथ स्कूटी से सड़क हादसे में घायल हुए पड़ोसी आशा शंकर को देखने कानपुर के एक निजी अस्पताल गए थे। दोपहर बाद लौटते समय वह शॉर्टकट लेकर निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे से जा रहे थे तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर गांव के पास तेज रनफ्तार लोडर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

### मौरंग लदे डंपर के केबिन में मिला चालक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** मौरंग लादकर लखनऊ जाने को निकले डंपर चालक का शव उसी के ट्रक के केबिन में पड़ा मिला। कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली व कस्बा के मोहल्ला वार्ड-1 नौबस्ता निवासी सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद डंपर चालक था। रविवार देररात वह हमीरपुर से मौरंग लोडकर लखनऊ जा रहा था। तभी सोमवार दोपहर कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज के पास उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर उसने डंपर मालिक के भाई मो. इसरार को बताया कि उसकी तबियत खराब है। वह दवा खाकर लेटा है। आराम मिलने पर वह आगे जायेगा। इसके बाद देरशाम तक उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर इसरार मौके पर पहुंचा तो टोल प्लाजा के आगे डंपर के केबिन में सौरभ अचेत पड़ा मिला।

### स्नातक में 10, परास्नातक में 15 जुलाई तक होंगे प्रवेश

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय सत्र 2025- 2026 में आवासीय परिसर में प्रवेश के लिए जारी सूचना 1 जून के क्रम में स्नातक के लिए 10 जून एवं परास्नातक के लिए 25 जून निर्धारित की गई थी। वहीं जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा संचालित स्नातक बैचलर ऑफ वोकेशनल और परास्नातक जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश समन्वयक आवासीय प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विवि के प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए स्नातक में आवेदन की तिथि 10 जुलाई एवं परास्नातक की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई। वहीं पत्रकारिता विभाग के डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक बैचलर ऑफ वोकेशनल और परास्नातक जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एडवरटाइजिंग पढ़ाई उक्त पाठ्यक्रम में कराई जाती है।

# खड़े ट्रक से टकराई जनरथ बस, 24 घायल व नौ रेफर

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र में कल्याणी नदी के निकट पुराने हाईवे कट के सामने खड़े ट्रक में जनरथ बस टकरा गई। हादसे में 24 लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए बनीकोडर बाराबंकी के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से नौ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना मंगलवार भोर लगभग पांच बजे की है।

गोरखपुर से लखनऊ जा रही जनरथ बस ने इसमें जोरदार टक्कर मार दी। माना जा रहा है कि भोर के समय ड्राइवर के झपकी आने से यह घटना हुई। बस के यात्री भी नींद में थे। टक्कर के बाद यहां कोहराम मच गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें बस का चालक फंस गया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए। मौके पर पुलिस पहुंची। पता चला कि ड्राइवर सहित बस के कुल 24 यात्री घायल हो गए। पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव व हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने एनएचएआई के हाइड्रा से खींचकर बस के चालक को बाहर निकलवाया। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बनी कोडर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने नौ लोगों की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बाराबंकी रेफर कर दिया।

### 32 जिलों के छात्र-छात्राओं की इग्नू परीक्षा 16 केंद्रों पर 12 से

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र की जून 2025 की सत्रांत परीक्षाएं 12 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक होगी। अवध विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इग्नू की परीक्षा 32 जिलों के छात्र-छात्राओं के लिए 16 केंद्रों पर होगी। परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यदि किसी छात्र को समर्थ पोर्टल से एडमिट कार्ड मिलने में कोई असुविधा हो रही है तो वह इग्नू के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र लखनऊ कार्यालय या दूरभाष 0522-244283 से संपर्क कर सकते हैं। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के आईटी परिसर स्थित एमबीए भवन में होगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए निगरानी समिति का भी गठन किया गया है।

# मुख्य सचिव ने दिया आत्मनिर्भर कृषि का मंत्र

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को देवा ब्लाक के कुसुम्भा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए किसानों को आत्मनिर्भर और लाभकारी कृषि की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को अब परंपरागत नहीं, प्रगतिशील और तकनीकी से जुड़ा होना चाहिए। सरकार का उद्देश्य किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कृषि निर्यात को बढ़ावा देने, कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली तकनीकों, जैविक व प्राकृतिक खेती तथा वैज्ञानिक विधियों के व्यापक प्रचार की बात कही। उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित जेवर एयरपोर्ट पर कृषि निर्यात को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे यूपी के किसानों की उपज सीधी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकेगी।



कार्यक्रम में बोलते मुख्य सचिव। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि किसानों को अब स्मार्ट बनकर खेती करनी होगी, तभी उनकी आमदनी दोगुनी नहीं बल्कि उससे भी ज्यादा हो सकती है। कृषि वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि अनुदान प्रमाण-पत्र, और योजनाओं के लाभ भी वितरित किए गए। पद्मश्री कृषक राम सरन वर्मा ने अपने संबोधन में खेती को एक उद्यम और व्यवस्थित व्यवसाय के रूप में प्रस्तुत किया और किसानों से नवाचार और तकनीकी खेती को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनियों में कृषि तकनीकों, बीजों, ड्रोन व सिंचाई प्रणाली से लेकर डिजिटल कृषि की झलक भी देखने को मिली। कृषि विभाग, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, शिक्षा आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों में उन्नत बीज, सिंचाई प्रणालियां और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

## लखनऊ के 4 शातिर पकड़े

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यात्रियों को वाहन में बिठाकर रास्ते में उनसे लूटपाट करने वाले लखनऊ के चार शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक बदमाश मऊ का है। हालांकि पुलिस का दावा है कि इन्ही बदमाशों ने एक सप्ताह पूर्व हुई इसी तरह की लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटा गया सामान व नकदी बरामद की है। स्वाट, सर्विलांस, थाना कोतवाली नगर व जहांगीराबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान सुदेश यादव, सुमित वर्मा दोनों निवासी सरायशेख, नितिन यादव निवासी कुम्हारन का पुरवा तीनों निवासी थाना बीबीडी लखनऊ, अभिषेक ठाकुर निवासी मौलवी खेड़ा थाना पीजीआई लखनऊ, हिमाचल चौहान निवासी भलउ चन्देरी थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार किया। इनके पास से चार स्मार्टफोन, एक चांदी जैसा ब्रेसलेट, एक ब्लूटूथ, लूट में प्रयोग की गई टाटा नेक्सन कार, 2 तमंचा, 2 ज़िंदा कारतूस, 10,100 रुपये बरामद हुए। पहली घटना 2 जून की रात हुई थी, जब सुबोध कुमार राय नामक व्यक्ति को अवध बस स्टॉप से वाहन में बैठाकर बदमाशों ने लूट लिया।

# बेटिकट यात्रियों से वसूला 7 लाख जुर्माना

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** बीती 01 से 08 जून तक विभिन्न स्टेशनों में चले विशेष जांच अभियान में रेलवे की टीमों ने 1062 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा। बेटिकट यात्रियों से 7.41 लाख रुपये रेल राजस्व की वसूली गयी।

वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के नेतृत्व में गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से बेल्थरा रोड, गोरखपुर से आनन्दनगर, गोरखपुर से गोण्डा तथा गोरखपुर से सीवान खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जांच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 1062 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामले पकड़े गये जिनसे 7,41,200 रुपये रेल राजस्व की वसूली की गयी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 18 किलो रेल कॉपर वॉयर के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आरपीएफ ने 08 जून को पूरनपुर स्टेशन पर खड़े कोचों के नीचे से कापर वायर को आरी ब्लेड से काटते हुए 02 शातिर अपराधियों को 18 किलोग्राम रेल कापर वायर के साथ गिरफ्तार किया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल बलिया को गाड़ी संख्या 14015 के कोच संख्या एस-2 के बर्थ संख्या 71 पर 01नाबालिग बच्ची उम्र लगभग 05 वर्ष को लावारिस हालत में मिली, जिसे उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 8 जून को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. द्वारा गाड़ी सं. 22454 के महिला कोच में यात्री का छूटा 01 बैग पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे 09 जून5 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत उचित पहचान व सत्यापन के बाद सुपुर्द किया गया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी सं. 05030 के जनरल कोच में महिला यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे पोस्ट पर जमा किया गया। महिला यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत उचित पहचान व सत्यापन के बाद बैग सुपुर्द किया गया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी सं. 11124 के महिला कोच मे यात्री का छूटा 01 हैंड बैग मिला, जिसे सहजनवा स्टेशन पर जमा किया गया। महिला यात्री की पहचान व सत्यापन के बाद हैंडबैग सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।





### बड़े मंगल पर राम नगर में भंडारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी तो वहीं दूसरी ओर जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ। आलमबाग में राम नगर स्थित राधे कृष्णा साड़ी के ऑनर व समाजसेवी सुमित कनौडिया ने भी भंडारा लगवाया, जिसमें हजारों लोगों ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी की प्रसादी पाई।

# ईंट से कूंचकर पत्नी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** दंपति के बीच घरेलू विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी को जमकर पीटा इसके बाद आंगन में पड़ी ईंट से ताबड़तोड़ सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। निर्मम हत्या के मामले में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तालगांव थानाक्षेत्र के दानियालपुर गांव में हुई हत्या के बाद आरोपी से देर रात तक पूछताछ की जाती रही।

तालगांव थानाक्षेत्र का दानियालपुर निवासी सोहेल खां उर्फ सोहिली पुत्र मोहम्मद शरीफ अपने घर पर था। परिजनों के मुताबिक, सभी लोग संयुक्त परिवार के रूप में एक ही घर पर रहते हैं। दोपहर बाद सोहेल मजदूरी करके घर लौटा। भाई शकील के अनुसार, वह और उसके भाई जाहिद, जाकिर और शाकिब खेतों में काम कर रहे थे। घर पर सोहेल खां की पत्नी मैहर जहां (45) थी। बताते हैं कि वह खाट पर आराम कर रही थी, इसी दौरान खाने को लेकर विवाद हो गया। बातचीत इतनी बढ़ी कि सोहेल खां ने मैहर के साथ गाली- गलौज करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। बाद में आंगन में पड़े ईंटे को उठा लाया और ताबड़तोड़ कई वार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर किये, जिससे मैहर जहां की मौके पर ही मौत हो गई।

## वर्ग पहेली- 458

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | ■ | 12 | |

### वर्ग पहेली -457 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 13.13 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 20.10 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताने का प्रयास करें।

**वृष** - आज नई जॉब आरंभ कर सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें। आप अत्यंत तीव्र गति से अपने कार्य पूर्ण करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नई ताजगी उत्पन्न होगी।

**मिथुन** - आज आपको ऋण या उधार लेने से आपको बचना चाहिए। पुरानी बातों पर अधिक विचार न करें। आपको मात्र अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अत्यंत सुखद रहेंगे। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी हो सकती है।

**कर्क** - आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें।

**सिंह** - आज किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी। व्यापार में आप अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कन्या** - आज जटिल मामलों को सरलता से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ होगा।

**तुला** - आज दिनचर्या अनियमित हो सकती है। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के अतिरिक्त स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं।

**धनु** - आज कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। नेत्रों में कुछ समस्या हो सकती है। परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं।

**मकर** - आज ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा।

**कुंभ** - आज पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं तो सावधान रहें।

**मीन** - आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। समाज के बुद्धिजीवियों के मध्य आपकी प्रशंसा होगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से गदगद रहेंगे।

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 9 | | 1 | |
| | | 9 | | 7 | 1 | | 8 | 4 |
| | | 7 | | | 5 | 6 | | |
| 1 | | 3 | | 9 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | | 6 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | |
| 8 | 3 | | 7 | 6 | | 9 | | |
| | 9 | | 1 | 2 | | | | |

### सुडोकू - 4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## एक नजर

### फर्जी टिकट बुकिंग पर लगेगी लगाम

**बरेली :** रेल यात्रा में फर्जी आईडी से टिकट बुकिंग के चलन पर अब सख्त लगाम लगाई जाएगी। रेलवे एम-आधार एप को टिकट सत्यापन प्रणाली से जोड़ने जा रहा है, जिससे टीटीई यात्रियों की पहचान को तुरंत सत्यापित कर सकेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को पत्र भेजा है। निर्देश दिए हैं कि एम-आधार एप की सुविधा हैंड हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) मशीन और मोबाइल दोनों में उपलब्ध कराई जाए। यह व्यवस्था खास तौर पर तत्काल टिकटों में हो रही धांधली को रोकने के लिए लाई जा रही है, जहां दलाल फर्जी आधार कार्ड से टिकट बुक कर उन्हें यात्रियों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं।

### कोविड पॉजिटिव का मचा शोर मरीज निकला रायबरेली का

**बरेली :** स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को दोपहर अचानक खलबली मच गई। शासन से आईडीएसपी को सूचना मिली कि बरेली निवासी एक युवती कोरोना संक्रमित मिली है। आईडीएसपी की टीम ने मरीज के नाम और निवास स्थान संबंधी जानकारी जुटाई तो करीब एक घंटे बाद पता चला कि मरीज बरेली नहीं बल्कि राय बरेली की है। इसके बाद स्टेट को रिपोर्ट भेजी गई तो पोर्टल से बरेली से मरीज का नाम हटाया गया। हालांकि अब तक जिले में एक भी कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया है।

### बाल गृह की केयर टेकर पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर :** राजकीय बाल शिशु गृह में केयरटेकर के बच्चों की पिटाई करने का वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने इस मामले में संज्ञान में लिया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता पूनम गंगवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवादा इंदेपुर में स्थित राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की पिटाई करते हुए केयर टेकर पूनम गंगवार का रविवार का वीडियो वायरल हुआ था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच सीडीओ डा अपराजिता सिंह को सौपी थी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पूनम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### युवक की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी :** युवक की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार संपतपुर रुद्रपुर निवासी 26 वर्षीय अजय कुमार पुत्र कृपाल सिंह सोमवार को घर से बाइक लेकर निकला था। देर शाम कोतवाली क्षेत्र में वह लहूलुहान हालत में मिला। घायल को उपचार को एसटीएच लेके आए। जहां उपचार के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# आग से 17 झोपड़ियां राख, छह पशुओं की मौत

संवाददाता हसनपुर/ढबारसी (अमरोहा)


आग से राख हुए आशियानों को देखते ग्रामीण। अमृत विचार

- एसडीएम और सीओ ने राजस्व टीम को नुकसान का आंकलन करने के आदेश दिए

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में गर्म हवाओं के बीच लगी आग ने 17 झोपड़ियों को राख कर दिया। आग में छह पशुओं की मौत हो जबकि लाखों रुपये का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट आने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। एसडीएम हसनपुर और सीओ ने मौका मुआयना कर अधीनस्थों को आग में नुकसान का आंकलन करने के आदेश दिए हैं।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मलकपुर गंगा तट बांध के नजदीक है। यहां के 35-40 घर गंगा बांध के अंदर बसे हैं जिनमें कई घर कच्चे हैं। मंगलवार को ग्रामीण खेतों पर काम करने गए थे। अचानक प्रेम सिंह के घर में आग लग गई। कुछ देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रेम सिंह के 2 मवेशियों की आग में झुलस कर मौत हो गई। सामान भी राख हो गया। उसके बाद आग ने पिंटू, रामौतार, विजयपाल, विनोद, मंगली सिंह, नरेश, लोकेश, शीलचंद, आनंदपाल, जयवीर सिंह, दिव्या राम, नंदराम, जसपाल व अन्य ग्रामीणों के घरों को चपेट में ले लिया। गजरौला से फायर ब्रिगेड का वाहन गांव पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। जयवीर सिंह के दो पशु, दिव्या राम की दो बकरियां झुलस गईं। प्रेम सिंह के अलावा नंदराम के दो और जसपाल के भी दो मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव के अलावा पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि आग लगने की सूचना पर करीब डेढ़ घंटे की देरी से हसनपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। एसडीएम ने राजस्व टीम को नुकसान का आंकलन करने का निर्देश दिया।

# अपहरण के मामलों में पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- वाराणसी के पुलिस आयुक्त को सुनवाई तक एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के मामलों में पुलिस की उदासीनता पर कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी अक्सर अपनी छवि बड़ी बनाने के लिए प्रयासरत रहते हैं, लेकिन वे जनता की शिकायतें सुनने और उनका समाधान करने से बचते प्रतीत होते हैं।

कोर्ट ने कहा कि अपहरण के मामलों में पुलिस अधिकारी आमतौर पर उदासीनता दिखाते हैं, क्योंकि अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। जवाबदेही की कमी और निष्क्रियता के कारण अक्सर अपहरण की घटनाएं हत्या में बदल जाती हैं। कोर्ट ने माना कि अगर अपहृत व्यक्ति का शीघ्र पता न लगाने के कारण पीड़ित की हत्या हो जाती है तो प्रथम दृष्टया अपहरण की जिम्मेदारी उस पुलिस अधिकारी पर तय की जानी चाहिए, जिसके अधिकार क्षेत्र में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी और जिसकी निष्क्रियता के कारण पीड़ित को बरामद न किया जा सका, जिसके बाद घातक परिणाम सामने आए।


उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार (दशम) की खंडपीठ ने नितेश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए की, साथ ही प्रदेश सरकार और अन्य विपक्षियों को नोटिस जारी करते हुए वाराणसी के पुलिस आयुक्त को सुनवाई की अगली तारीख यानी 12 जून तक या उससे पहले एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें यह बताया जाए कि अपहृत व्यक्ति को अब तक बरामद क्यों नहीं किया जा सका है।

याची द्वारा अपने भाई के लापता होने पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई जिसमें यह दावा किया गया कि वाराणसी के संबंधित पुलिस अधिकारी उसके भाई का पता नहीं लग पा रहे हैं या पता लगाने के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर पांच सौ लोगों से लाखों की ठगी

## पुलिस ने भी नहीं सुनी फरियाद, धमकाकर भगाया, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भमोरा


आरोपी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते पीड़ित। अमृत विचार

- आरोपी सोमवार की रात में कार्यालय बंद करके भाग गए
- 500 लोगों से पांच-पांच हजार रुपये कराए थे जमा

**अमृत विचार :** लोन दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने पांच सौ लोगों के साथ लाखों रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद आरोपी सोमवार रात को कार्यालय बंद करके फरार हो गए। पीड़ित लोग मंगलवार को जब कार्यालय पर पहुंचे तो कार्यालय बंद देखकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया। पीड़ितों ने थाना भमोरा में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने उल्टा उन्हीं से ही सवाल-जवाब करते हुए धमकाकर भगा दिया।

पीड़ितों ने बताया कि मुरादाबाद निवासी सुरेश और राजस्थान निवासी अरविंद कुमार ने देवचरा में करीब 20 दिन पूर्व उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस के नाम से देवचरा निवासी मोमीन की दुकान में कार्यालय खोला था। कार्यालय में क्षेत्र के ही बल्लिया गांव की दो युवतियां, नकटपुर की एक महिला और दो युवकों को कर्मचारी के रूप में नियुक्ति कर ली। इसके बाद गांव-गांव जाकर आरोपी ने प्रचार शुरू किया कि उनकी कंपनी बेरोजगारों को आधार कार्ड पर कर्ज दे रही है। लालच में फंसकर लोग सुरेश और अरविंद की बातों में आ गए। इसके बाद 500 व्यक्तियों से लोन की धनराशि के आधार पर 3 हजार से 7 हजार रुपये तक की वसूली कर ली। आरोप है कि सोमवार की रात को कार्यालय बंद करके फरार हो गए। पीड़ित मंगलवार की सुबह जब कार्यालय पर पहुंचे तो वह बंद मिला। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया और थाना भमोरा में तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने पीड़ितों को ही फटकार लगाई और उल्टे सवाल जवाब शुरू कर दिए। इसके बाद पीड़ितों को धमकाकर भगा दिया।

**लोडर में सामान भरकर हुआ फरार :** कुछ लोगों ने बताया कि आरोपी सोमवार को देर रात एक लोडर वाहन लेकर आया था। उसी में सामान भरकर भाग गए। कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सामान लेकर गए हैं। आरोपियों में एक व्यक्ति दिव्यांग बताया जा रहा है। थाना भमोरा में एक युवती ने तहरीर देकर बताया कि आरोपियों ने उन लोगों को बताया कि 14500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। वहीं जो लोग ठगी का शिकार हुए हैं। उन लोगों ने भी थाना भमोरा में तहरीर दी है।

### बीमा करने के नाम पर वसूली रकम

लोगों के अनुसार जालसाजों ने बताया कि कर्ज उन्हीं लोगों का होगा जिनका कंपनी द्वारा बीमा किया जाएगा। बीमा न होने पर कर्ज नहीं मिलेगा। 70 हजार के कर्ज पर 3 हजार रुपये का बीमा, 80 हजार पर 3500, एक लाख पर 4000, 1.20 लाख पर पांच हजार व इससे ऊपर 1.60 लाख तक सात हजार रुपये वसूल करता था। आरोपियों ने भमोरा क्षेत्र के गांव वभियाना, मकरंदपुर धाराजित, बल्लिया, बिछुरइया, सांकपुर, देवचरा, रमपुरा बुजर्ग, बिहारीपुर उर्फ शेखूपुर, दलपतपुर आदि गांवों के करीब 500 लोगों से रुपये वसूल किए थे।

# हैदरी दल के दो सदस्य गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गैर धर्म के लोगों से बात करने पर अपने ही समुदाय की बेटियों को करते हैं परेशान

**अमृत विचार :** सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के आरोपी हैदरी दल के दो सदस्यों को कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्य आरोपी के साथ ही ग्रुप के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

हैदरी दल के लोगों ने बकरीद के दिन गांधी उद्यान में अपने ही समुदाय की युवतियों पर गैर समुदाय के युवकों से बातचीत करने से रोकने का प्रयास किया था। हैदरी दल से जुड़े युवकों ने उन युवतियों का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था। वहीं इंस्टाग्राम आईडी पर कई ऐसी पोस्ट कीं, जिनसे साम्प्रदायिक भावनाएं भड़क सकती थीं। मामला संज्ञान में आने पर कोतवाली में तैनात दरोगा नितीश राणा ने आईडी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सर्विलांस टीम खुलासे के लिए लग गई। कोतवाली पुलिस, एसओजी ने सर्विलांस टीम की मदद से बारादरी थाना क्षेत्र के ईंट पजाया चौराहा तहसीनी बिरियानी निवासी समीर रजा पुत्र गुड्डू और भुता थाना क्षेत्र के गांव मलपुर निवासी शहबाज उर्फ सूफियान पुत्र शमशेर को गिरफ्तार कर लिया है।

# धर्म परिवर्तन कराने पर पादरी समेत सात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीमारी से छुटकारा और आर्थिक मदद का लालच देकर कराया था धर्म परिवर्तन

**अमृत विचार :** शारदा पार हजारा क्षेत्र के ग्राम नानकनगरी बैल्ला से धर्म परिवर्तन का एक मामला सामने आया है। गरीब और बीमार महिला को झांसे में लेकर पहले ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया और विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हजारा थाना क्षेत्र के गांव नानक नगरी बैल्हा निवासी संतकौर ने बताया कि वह कई वर्षों से अस्वस्थ हैं। आर्थिक तंगी के चलते इलाज नहीं करा पा रही। आठ माह पूर्व गांव की सुमित्रा कौर, छिंदो कौर समेत अन्य महिलाएं घर आईं और बीमारी की जानकारी ली। जिसके बाद वे लोग उसे बहलाकर ईसाई धर्म में दीक्षा दिलाने ले गए। आरोप है कि पादरी हरजीत सिंह ने उसे विश्वास में लेकर कहा कि अगर वह ईसाई धर्म अपना लेगी तो उसके सारे दुःख दूर हो जाएंगे और ट्रस्ट की ओर से 50 हजार की मदद दी जाएगी। महिला के अनुसार उसे शारदा नदी के तट पर ले जाकर आंखों पर पट्टी बांधकर डुबकी लगवाई गई और कोई अजीब पदार्थ जबरन खिलाया गया। चार महीने बाद भी न तो कोई मदद मिली और न ही कोई लाभ।

# एसएसपी ऑफिस के बाहर मारपीट, किशोरी को जबरन ले जाने की कोशिश

**बरेली :** एसएसपी कार्यालय के बाहर दोबारा बयान कराने की मांग को लेकर पहुंची मां के हाथ से आरोपी के भाई ने किशोरी को छीनने की कोशिश की। इस पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को महिला थाना भेज दिया। थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को 1 मई को गांव के राजेश, रामवीर और हरीश ले गए थे। आरोपियों ने जबरन बेटी की शादी करा दी। इस मामले में थाना फतेहगंज पूर्वी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 5 मई को पुलिस ने बेटी बरामद करके उनके सुपुर्द कर दिया।


छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर में एक लोहार अपनी दुकान में पीतल के बर्तन बनाता हुआ। अमृत विचार


मेरठ में भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए एक व्यक्ति अपने सिर पर ठंडा पानी डालता हुआ। • एजेंसी

# कल्कि धाम पहुंचे शंकराचार्य और विहिप अध्यक्ष

**संभल :** ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम को श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज व विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार कल्कि धाम पहुंचे। कल्कि धाम निर्माण के लिए 23 से 25 फिट तक गहरा खोदा गया है जिसमें राजस्थान से आईं 100-100 क्विंटल की विशाल शिलाओं को स्थापित किया जायेगा। इस कार्य का शुभारंभ बुधवार को बड़े समारोह में होना है।

# मजदूरी से लगवा दिए 1.20 लाख के पौधे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोकपाल मनरेगा की जांच में शेरगढ़ ब्लॉक के इटौआ में पकड़ा गया गड़बड़झाला
- ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, सचिव दोषी, सवा लाख रुपये की निकाली रिकवरी

**अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटौआ में कराए गए विकास कार्यों में गजब खेल किया गया। नियमों के विपरीत मनरेगा से सवा लाख रुपये के पौधे खरीदकर सिर्फ 426 रुपये की मजदूरी में ही लगवा दिए गए। एक ग्रामीण की शिकायत पर लोकपाल मनरेगा की जांच में गड़बड़झाला पकड़ा गया।

प्रधान, तकनीकी सहायक और सचिव को दोषी ठहराते हुए सवा लाख रुपये की रिकवरी निकाली गई है। जबकि भुगतान की फाइल पर हस्ताक्षर करने के मामले में बीडीओ, लेखाकार समेत पांच लोग और जिम्मेदार पाए गए हैं। सभी पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

ग्राम पंचायत इटौआ निवासी शेर सिंह ने मौजूदा ग्राम प्रधान की ओर से कराए गए विकास कार्यों पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य से शिकायत की थी। लोकपाल ने मामले में बीडीओ को पत्र जारी कर जांच के आदेश दिया था और सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन बीडीओ के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में लोकपाल ने 20 मई को अनियमितता के संबंध में फाइलों की जांच की बात कही तो इससे पहले 19 मई को ही बीडीओ ने व्हाट्सएप पर जांच रिपोर्ट भेजकर बताया कि आरोप निराधार हैं और जांच बंद करने योग्य है। इसके बाद लोकपाल ने मामले की खुद जांच शुरू की।

जांच में पाया कि मनरेगा नियमों के विपरीत जाकर निजी नर्सरी से 1 लाख 20 हजार रुपये के पौधे खरीदे गए। सबसे हैरानी की बात है कि सिर्फ दो दिन में या दो मजदूरों से 426 रुपये खर्च करके सभी पौधे रोपित करा दिए गए। इससे साफ है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

# फिलहाल तड़पाएगी लू जल्द होगी रिमझिम बारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ आने वाले दिनों में पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

## उत्तराखंड

# शटल सेवा में काठगोदाम-हल्द्वानी से चलेंगी 100 बसें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- 15 जून को प्रस्तावित कैंची धाम मेले के लिए प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कैंचीधाम मेले की तैयारियां तेज कर दी हैं। भवाली रूट पर ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए श्रद्धालुओं के लिए हल्द्वानी व काठगोदाम से शटल सेवा चलाई जाएंगी।

श्री बाबा नीब करौरी के भवाली स्थित आश्रम कैंचीधाम में हर वर्ष 15 जून को स्थापना दिवस पर विशाल मेला आयोजित होता है। इस मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सुबह से बाबा के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कतारें लग जाती हैं। यह कतार कैंचीधाम से भवाली तक पहुंच जाती है। इसको देखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। भवाली-अल्मोड़ा रूट जहां 14-15 जून को जीरो जोन रहेगा तो टू व्हीलर पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा हल्द्वानी व काठगोदाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए काठगोदाम-हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, रोडवेज, केमू बस अड्डे से शटल सेवाएं चलाई जाएंगी। लगभग 100 बसें चलाई जाएंगी जो कि एक कलर कोड में होंगी ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो। इसके अलावा रेलवे से समन्वय किया गया है ताकि ट्रेनों के आने का समय पता चल सके और बसें उपलब्ध कराई जा सकें। श्रद्धालुओं के लिए शटल सेवा ही चलाई जाएगी। इससे श्रद्धालुओं और अल्मोड़ा, बागेश्वर आदि जिलों के लोगों को परेशानी नहीं होगी।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि 100 बसें शटल सेवा में चलाई जाएंगी। ये बसें हल्द्वानी काठगोदाम रेलवे स्टेशन, रोडवेज से संचालित होंगी। ट्रेनों के आवाजाही का समय भी लिया गया है, उसी आधार पर बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा परिवहन निगम को भी बसों के प्रबंध के लिए कहा गया है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो।

# गूलरभोज में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर जिले में मंगलवार को असामाजिक तत्वों ने गूलरभोज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ कर हादसे को अंजाम देने की कोशिश की लेकिन सतर्कता के चलते हादसा होने से बच गया। जीआरपी के अनुसार, गूलरभोज रेलवे स्टेशन, जनपद ऊधमसिंह नगर से लगभग 300 मीटर आगे पोल संख्या- 38 व ठंडी नाला के बीच रेल पटरियों से लगी हुईं लोहे की अर्थिंग पत्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक पर रखने की सूचना मिली। जांच में वर्तमान में कोई जनहानि नहीं है। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# नाबालिग का हरियाणा में करा दिया विवाह, दुष्कर्म

संवाददाता, देहरादून

- धोखे से ले गई महिला रिश्तेदार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार :** एक नाबालिग को देहरादून से धोखे से हरियाणा ले जाने, उसका जबरन विवाह और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, एक युवती ने कोतवाली विकासनगर पर शिकायत दर्ज कराई कि हरियाणा निवासी दो महिला रिश्तेदार उसकी 15 साल की बहन को धोखे से अपने साथ यमुना नगर, हरियाणा ले गईं और वहां थाना छछरोली क्षेत्र के ग्राम चुहडपुर निवासी संदीप (31) पुत्र स्व. मंगत राम के साथ जबरन विवाह करा दिया। आरोप है कि संदीप द्वारा बहन को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसका पता चलने पर वह और उसके परिजन हरियाणा पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

इंस्पेक्टर विकास नगर के अनुसार, संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम में अभियोग दर्ज कर मुख्य आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों नामजद महिलाओं की तलाश की जा रही है।

# यौन शोषण में फर्जी बाबा गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** तंत्र मंत्र और अंधविश्वास के जरिए महिलाओं को फंसाने और उनके यौन शोषण के आरोपी फर्जी बाबा रामभगत को रुद्रपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि रुद्रपुर की एक महिला को उसके घर में गड़े धन का लालच देकर यौन शोषण और लाखों की ठगी करने के अभियोग में यह गिरफ्तारी हुई। पीड़िता का आरोप है कि रम्पुरा निवासी रामभगत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये भी हड़प लिए और अब 20 लाख रुपये मांग रहा था।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

**मुंबई, एजेंसी**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके।



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26% बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार व सीमा शुल्क पर अमेरिका से चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दी जानकारी

भारत व अमेरिकी अधिकारियों के दल ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सप्ताह भर चले विचार-विमर्श के दौरान बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार और सीमा शुल्क सुविधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण को शीघ्र निष्कर्ष पर पहुंचाने के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए।

भारत और अमेरिका इस साल सितंबर-अक्टूबर तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। एक व्यापक बीटीए को अमली जामा पहनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने चार जून से 10 जून तक भारत की यात्रा की। अधिकारी ने कहा, अमेरिकी दल की यात्रा के दौरान प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न तत्वों पर गहन चर्चा हुई। इसमें बाजार पहुंच, खाद्य उत्पाद संबंधी जोखिम (एसपीएस) और व्यापार में तकनीकी बाधाएं (टीबीटी), डिजिटल व्यापार, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा एवं कानूनी ढांचा जैसे क्षेत्र शामिल थे। डिजिटल व्यापार में अमेरिका की विशेष रुचि है और इसके डिजिटल सेवा प्रदाताओं ने अक्सर भारत में परिचालन में बाधा के रूप में सीमा पार डेटा प्रवाह और प्रतिस्पर्धा नीति पर प्रतिबंधों को चिह्नित किया है। एसपीएस मानव, पशु एवं पौधों के स्वास्थ्य को खाद्य जनित जोखिमों, पशु या पौधों से होने वाली बीमारियों और कीटों से बचाने के उपायों से संबंधित है। वहीं टीबीटी का संबंध एसपीएस का अनुपालन करने के लिए तकनीकी विनियमों, मानकों एवं प्रक्रियाओं से है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

## भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों से जुड़ गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

## राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को आमंत्रण

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है।

### भारतीय दवा कंपनियां नहीं करतीं नकल

**बर्न।** गोयल ने भारतीय दवा कंपनियों द्वारा स्विस कंपनियों के उत्पादों की नकल करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और कभी भी दूसरों की प्रौद्योगिकी की नकल नहीं करता है।



# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर मुझे गर्व : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की आवाज को आगे बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में भारत का विचार पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया। मोदी ने 33 देशों की राजधानियों की यात्रा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की मेजबानी की, जिनमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज दुनिया के सामने रखी, उस पर हम सभी को गर्व है। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद शामिल थे। अमेरिका में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा, हम सभी राष्ट्र की सेवा करने के अवसर के लिए आभारी हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। जय हिंद। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमने प्रधानमंत्री को आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ लड़ाई और वैश्विक शांति के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता के वास्ते इन मित्र देशों द्वारा दिए गए भारी समर्थन से अवगत कराया। शिंदे ने संयुक्त अरब अमीरात, कांगो, सिएरा लियोन और लाइबेरिया में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हमारे प्रयासों की सराहना की और विश्व मंच पर भारत का कद बढ़ाने के लिए अपने प्रेरक दृष्टिकोण को साझा किया।

### पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बने आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

## खरगे ने लोस उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है, यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है। आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। पत्र में कहा, मैं लोसा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।

- कहा- बिना किसी देरी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

**जयपुर, एजेंसी**

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### दिल्ली में कोरोना से संक्रमित 90 वर्षीय महिला की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है। दिल्ली में कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 691 है।

### गैर-वकीलों के सफेद कमीज व काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर गैर-वकीलों के अदालत परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि पेशे से जुड़े पोशाक अब केवल पंजीकृत वकीलों और अधिकृत विधि प्रशिक्षुओं के लिए आरक्षित है। यह अक्सर देखा गया है कि गैर-अधिवक्ता या गैर-मान्यता प्राप्त विधि प्रशिक्षु जिला न्यायालय परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनते हैं।

## एनसीआईएसएमसी अध्यक्ष को हटाने पर रोक-सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश पलटा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएमसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। पीठ ने वैद्य जयंत यशवंत देवपुजारी की ओर से दायर अपील पर आयोग और अन्य को नोटिस जारी किए। देवपुजारी ने दिल्ली हाईकोर्ट के छह जून के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एनसीआईएसएमसी के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति के खिलाफ दो याचिकाएं स्वीकार की गईं। आयोग के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि अध्यक्ष के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसके बाद उसने प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया था।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

## जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# दिल्ली में फीस को लेकर मनमानी नहीं कर पाएंगे निजी स्कूल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली मंत्रिमंडल ने स्कूल फीस को विनियमित करने वाले अध्यादेश को मंजूरी दी

दिल्ली मंत्रिमंडल ने निजी स्कूलों में फीस संरचना को विनियमित करने के लिए मंगलवार को एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इसमें दिल्ली सरकार को मानदंडों का उल्लंघन करने पर स्कूलों पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है। साथ ही मानदंडों के उल्लंघन पर स्कूलों से फीस संशोधन का प्रस्ताव देने का उनका अधिकार भी छीन लेने का प्रावधान है।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने प्रस्तावित दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 पर आधारित अध्यादेश को मंजूरी दे दी। सूद ने कहा, अध्यादेश को उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। यह उन अभिभावकों के लिए खुशी का दिन है जिनके बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। यह कानून का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह निर्णय भविष्य में दिल्ली के 1,677 निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। मंत्रिमंडल द्वारा 29 अप्रैल को स्वीकृत मसौदा अध्यादेश के अनुसार, मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों के लिए सख्त दंड का प्रावधान है, जिसमें फीस संशोधन का प्रस्ताव करने का अधिकार छीनना भी शामिल है। मसौदा अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित मानदंडों से अधिक फीस वसूलता पाया जाता है, तो उसे अतिरिक्त राशि वापस लेनी होगी और 20 कार्य दिवस के भीतर उसे वापस करना होगा। पहली बार उल्लंघन करने पर स्कूल पर एक लाख से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

बार-बार उल्लंघन करने पर जुर्माना दो लाख से 10 लाख रुपये तक हो जाएगा। मसौदा अध्यादेश में प्रस्ताव है कि यदि स्कूल निर्धारित समय के भीतर राशि वापस करने में विफल रहता है, तो जुर्माना 20 दिनों के बाद दोगुना हो जाएगा, 40 दिनों के बाद तिगुना हो जाएगा और हर 20 दिन की देरी के साथ बढ़ता रहेगा। इसमें बार-बार उल्लंघन करने वालों पर दंड का भी प्रावधान है।



लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा आस्ट्रेलियाई तिलिस्म

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप आज से : दोनों टीमों के बीच में होगी रोमांचक भिड़ंत, आस्ट्रेलिया का रहा शानदार प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा।



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और मुख्य कोच शुकरी कॉनराड लॉर्ड्स में पिच का निरीक्षण करते हुए। ● एजेंसी

संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉड्र्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।

मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

**13** बार ऑस्ट्रलियाई टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में फाइनल पहुंची, जिसमें 10 खिताब जीतने में सफल रही

**समय : दोपहर 3 बजे**

**ऑस्ट्रेलिया :**- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :**- टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

## आस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम

**लंदन :** आस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैतीस वर्ष के लियोन उस आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम आस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं, लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा। आस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिये हैं।

## खेल डायरी

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद :** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद शहर की पूजा टिकमाणी ने मंगलवार को यूनीवार्ता को बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि वह पेशे से एक व्यवसायी महिला होने के साथ-साथ दौड़ने की शौकीन है। उन्होंने अपने 45वें जन्मदिन पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में नाम दर्ज कराकर वैश्विक मंच पर एक अनूठी छाप छोड़ी है। इस उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके उन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली :** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स् विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।

### वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे रूतुराज गायकवाड़

**लीड्स :** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी।

### मोदी ने खेल बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे का किस तरह अभूतपूर्व पैमाने पर विस्तार हुआ है।



अहमदाबाद : कोलकाता थंडर ब्लेड्स की एड्रियाना डियाज अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 6 में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की अयहिका मुखर्जी के खिलाफ मैच के दौरान शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

# इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे अर्शदीप

**लंदन, एजेंसी**

● 20 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं। यहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।

# पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**पोर्ट आफ स्पेन, एजेंसी**

● 29 बरस की उम्र में संन्यास लेकर सबको चौंका दिया

● सोशल मीडिया पर कहा सोच विचारकर लिया फैसला

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था।

वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा काफी सोच समझकर मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली



निकोलस पूरन। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।

उन्होंने लिखा मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे। अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया। पूरन इस सत्र में मेजर क्रिकेट लीग और द हंड्रेड में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग, आईपीएल और यूएई में आईएलटी 20 भी खेलते हैं। उन्होंने लिखा मेरे कैरियर का अंतरराष्ट्रीय प्रारूप वाला अध्याय यहीं खत्म हो रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिये मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम को और वेस्टइंडीज को आगे के लिये सफलता और मजबूती मिलने की कामना करता हूं। उन्होंने आईपीएल में 196.25 की स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए।

# भारत एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारा

**कोवलून (हांगकांग), एजेंसी**

● हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है



भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। अपने से कम रैंकिंग वाले हांगकांग के खिलाफ हार भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और फिनिशिंग कौशल की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इस हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है और टीम फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक जाएगी जबकि हांगकांग को अंक मिलेंगे और वह आगे बढ़ेगा। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया।

## रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली :** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

## जीत की खुशी



**मुंबई :** कुश मैनी, जो प्रतिष्ठित मोनाको ग्रैंड प्रिक्स में फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने, अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए एक पत्रकार वार्ता के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देते हुए। ● एजेंसी

# अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

● नीदरलैंड से लगातार दो मैच हार चुकी टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने रहे नाकाम

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पड़ला भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।



## जूनियर पुरुष हॉकी टीम की कमान संभालेंगे हुंडल

**नई दिल्ली :** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे।

**टीम :** फारवर्ड : अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव। गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। डिफेंडर : आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

# इलावेनिल ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इलावेनिल वलारिवान। ● एजेंसी

भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारतीय निशानेबाज हालांकि इसके बाद 9.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले क्वालीफिकेशन की छह सीरीज के बाद इलावेनिल 635.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वैंग ने 637.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टेड 635.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वैंग का स्कोर क्वालीफिकेशन का विश्व रिकॉर्ड है। युनजी क्वालीफिकेशन में 635.6 अंक के साथ चौथे जबकि तुर्की की एलिफ बेर्फिन अल्तुन (634.6) पांचवें स्थान पर रहीं।

चीन की विश्व और एशियाई चैंपियन हेन जिआयु ने 634.2 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू 632.4 अंक के साथ 15वें पायदान पर रहीं। केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहीं रमिता जिंदल ने 632.6 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। मेघना सजनार (केवल रैंकिंग अंक) और आर्या बोर्से ने क्रमशः 25वां और 60वां स्थान हासिल किया।

भीषण जाम



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि
# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र-राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूज़ीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे-धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

### फ्रांस: छात्र ने चाकू घोंपकर स्कूल कर्मचारी की हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई।

# लॉस एंजिलिस में नहीं संभले हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और पुलिस प्रमुख ने जताया कड़ा विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### 60 साल बाद गवर्नर की अनुमति बिना सेना की तैनाती

लॉस एंजिलिस में 'मरीन' कोर की तैनाती कई दशकों में पहली बार की गई है। नेशनल गार्ड को राज्य के गवर्नर के अनुरोध के बिना सक्रिय किया गया है। पिछली बार नेशनल गार्ड को गवर्नर की अनुमति के बिना 1965 में सक्रिय किया गया था, जब राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन ने अलबामा में नागरिक अधिकार मार्च की रक्षा के लिए सैनिकों को भेजा था।

### ये खतरनाक राष्ट्रपति का अहंकार में उठाया कदम: मेयर

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। गवर्नर न्यूसम ने 'एक्स' पर लिखा, यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

### ट्रंप की प्रदर्शनकारियों को चेतावनी- बुरी तरह मारेंगे

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने जनवरी 2021 में कैपिटल हिल पर धावा बोलने वाले दंगाइयों को माफ कर दिया था लेकिन लॉस एंजिलिस में पुलिसकर्मियों और नेशनल गार्ड के सदस्यों पर थूकने वाले प्रदर्शनकारियों को सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी दी। लिखा, अगर वे थूकेंगे, तो हम मारेंगे और मैं वादा करता हूं कि उन्हें पहले से भी ज्यादा बुरी तरह मारा जाएगा।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

**वियना, एजेंसी**

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग बुझाने की कोशिश करता बचाव दल।

### विस्फोट से जहाज में और भड़की आग

**कोच्चि।** केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं। भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है। आग को फैलने से रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

**दुबई, एजेंसी**

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## केन्या में सड़क हादसे में 5 भारतीयों की मौत

**दोहा।** केन्या में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। ये लोग कतर में रह रहे थे और छुट्टियां मनाने के लिए केन्या गए थे।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, कतर से 28 भारतीयों का एक समूह केन्या की यात्रा पर था, जहां उनकी बस दुर्भाग्यपूर्ण रूप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। उनैरोबी में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मौके पर हैं और हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। 'द गल्फ टाइम्स' अखबार ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक सत्यापित नहीं हो पाई है, जबकि 27 लोग घायल हैं और उन्हें केन्या के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# अमेरिका में बदसलूकी के शिकार भारतीय युवक का अब तक कोई पता नहीं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- वीडियो बनाने वाले उद्यमी ने कहा, असहाय महसूस कर रहा हूं

अमेरिकी हवाई अड्डे पर भारतीय युवक के हाथ में हथकड़ी होने, उसके चीखने और उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने का वीडियो बनाने वाले कुणाल जैन ने इस घटना को मानव त्रासदी करार देते हुए कहा कि वह खुद को 'असहाय और मर्माहत' महसूस कर रहे हैं। युवक अब कहां है, यह पता नहीं लग पा रहा है।

भारतीय-अमेरिकी सामाजिक उद्यमी जैन ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वीडियो में भारतीय युवक को नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर दो-तीन पोर्ट अथॉरिटी पुलिस अधिकारियों ने हथकड़ी लगाकर जमीन पर लिटाया दिख रहा है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका वैध यात्रियों का देश में स्वागत करना जारी रखेगा, लेकिन हम अवैध प्रवेश, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं कर सकते और न करेंगे।

इससे पहले 'एक्स' पर कई पोस्ट में जैन ने कहा कि अमेरिका में भारतीय दूतावास को उस व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। कल रात नेवार्क हवाई अड्डे पर युवा भारतीय छात्र को निर्वासित होते देखा, उसके हाथ में हथकड़ी थी, वह चीख रहा था और उसके साथ अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा था।

### मोदी अमेरिका में भारतीयों के अपमान पर तोड़ें चुप्पी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित कर अपमानित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खामोश हैं लेकिन अब उन्हें चुप्पी तोड़कर अमेरिका को बताना होगा कि भारतीय नागरिकों के साथ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अमेरिका भारतवासियों को अपमानित करने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला अमेरिका के एयरपोर्ट का है, जहां एक भारतीय छात्र को जमीन पर पटका गया और किसी अपराधी की तरह उसके हाथ-पैर बांध दिए गये। उसके आत्मसम्मान को जूतों के नीचे रौंदने के बाद उसे फिर भारत वापस भेजा गया। यह पहली बार नहीं हो रहा है।

# पाकिस्तान ने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान ने मंगलवार को अपने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि की और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,550 अरब पाकिस्तानी रुपये (9 अरब अमेरिकी डॉलर) आवंटित किए।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेंबली में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 17,573 अरब पाकिस्तानी रुपये का संघीय बजट पेश किया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश की रक्षा के लिए 2,550 अरब पाकिस्तानी रुपये आवंटित करने का फैसला किया है। उन्होंने रक्षा खर्च के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी क्योंकि परंपरागत रूप से रक्षा बजट पर संसद में चर्चा नहीं की जाती है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार ने रक्षा खर्च के लिए 2,122 अरब रुपये आवंटित किए, जो 2023-24 के लिए बजटीय आवंटन 1,804 अरब रुपये से 14.98 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्री ने हाल में भारत से संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा, यह बजट ऐसे समय में पेश किया जा रहा है जब राष्ट्र ने एकता और दृढ़ संकल्प दिखाया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। सात मई को भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर सटीक हमले किए थे।

## नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

**वाशिंगटन।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में कहा सहयोगी देश विमानों और युद्धपोतों में अधिक निवेश करेंगे। अमेरिका के सहयोगी 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। कहा, नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं। हमारी सेनाओं को हजारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की ज़रूरत है। ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं को बढ़ाएंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए।

**वक्तव्य** कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।